राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित


सुरत-गुजरात,संस्करण मंगलवार,15 नवंबर 2022 वर्ष-5,अंक-288 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मध्य प्रदेश में एक्टिव हुआ वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, फिर बढ़ेगा तापमान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मौसम की आंख मिचौली जारी है। कभी ठंड शुरू हो जाती है, तो कभी गर्मी पड़ने लगती है। बादल छंटते ही प्रदेश में तापमान पांच डिग्री तक गिर गया। सीजन में पहली बार लोगों को हल्की ठंड महसूस हुई। अब एक बार फिर ठंड पर ब्रेक लग सकता है। आज यानी कि सोमवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स एक्टिव हो गया है। इससे तीन दिन तक तापमान में फिर बढ़ोतरी होगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि प्रदेश में अच्छी ठंड के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। असली ठंड दिसंबर से ही शुरू होगी। अभी तापमान इसी तरह कम-ज्यादा बना रहेगा। 18 नवंबर से कुछ गिरावट होगी, लेकिन बहुत ज्यादा ठंड नहीं रहेगी। मध्यप्रदेश में अभी ज्यादा ठंड नहीं है। रात को तापमान में गिरावट होने के कारण सुबह और रात को हल्की ठंडक महसूस हो रही है, लेकिन अगले दो दिन यह भी ठंड भी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से रात के तापमान भी एक से 2 डिग्री बढ़ बढ़ जाएगा। दिन में तापमान ज्यादा बढ़ेगा। इससे दिन में गर्मी महसूस होगी। 18 नवंबर से एक बार फिर तापमान में गिरावट रहेगी। ऐसे में मौसम हल्का सर्द हो सकता है। यह स्थिति नवंबर के अंत तक बनी रहेगी। इसके अलावा उनका कहना यह भी था कि तीसरा वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स सक्रिय होने से जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट और हिमाचल प्रदेश समेत हिमालय क्षेत्र में हल्की बारिश से लेकर बर्फबारी तक हो सकती है। इसके 48 घंटे बाद मैदानी इलाकों में इसका असर दिखने लगेगा। मध्यप्रदेश में इसके असर से नवंबर के तीसरे सप्ताह तक तापमान में गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार नवंबर में मध्यप्रदेश में न्यूनतम यानी रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास रहेगा। दिन का पारा 30 से नीचे आ सकता है। शनिवार और रविवार को भी प्रदेश भर में दिन का अधिकतम तापमान 30 से कम रहा।

# पीएम मोदी ने उनके योगदान सराहा; सोनिया गांधी और खरगे ने अर्पित की पुष्पांजलि



**नई दिल्ली।** भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 133वीं जयंती है। आज का यह दिन 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। हम अपने राष्ट्र के लिए उनके योगदान को भी याद करते हैं।

वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्मारक शांति वन में पुष्पांजलि अर्पित की है।



**14 नवंबर, 1889 को हुआ था जन्म**

भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर, 1889 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। आज उनकी 133वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश में हर साल बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का सबसे बड़ा संसाधन हैं। यही वजह है कि उनकी जयंती 14 नवंबर को मनाई जाती है। उन्हें प्यार से %चाचा नेहरू% कहा जाता था।

**बाल दिवस को लेकर संसद में पारित हुआ था प्रस्ताव**

इससे पहले भारत में बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, जिस दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व बाल दिवस मनाया जाता है। लेकिन नेहरू की मृत्यु के बाद 14 नवंबर को बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उनके जन्मदिन को बाल दिवस या बाल दिवस के रूप में चिह्नित करने के लिए संसद में एक प्रस्ताव पारित किया गया था।

**कौन थे जवाहरलाल नेहरू ?**

जवाहरलाल नेहरू एक प्रसिद्ध वकील और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता मोतीलाल नेहरू के पुत्र थे। नेहरू 15 वर्ष की उम्र में इंग्लैंड चले गए और हैरो में दो साल बिताए और फिर प्राकृतिक विज्ञान में अपनी यात्रा पूरी करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। 1912 में भारत लौटने के बाद उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया।

**27, मई 1964 को जवहारलाल नेहरू का हुआ निधन**

**● भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। आज उनकी 133वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश में हर साल बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।**

वह हमेशा एक छात्र के रूप में विदेशी शासन के तहत सभी राष्ट्रों के संघर्ष में रुचि रखते थे। नेहरू ने 1942 में बॉम्बे (अब मुंबई) में एआईसीसी की बैठक के दौरान ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद से 27 मई, 1964 को अपनी मृत्यु तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था।

## नए साल में देश को मिलेगी पहली एयर डिफेंस थियेटर कमान

**नई दिल्ली।** अमेरिका-चीन की तर्ज पर तीनों सेनाओं को मिलाकर थियेटर कमान बनाने की दिशा में भले ही विलंब हुआ है, लेकिन नए साल में एक थियेटर कमान आकार ले सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि यह एयर डिफेंस कमान होगी। इसके स्वरूप पर वायुसेना के साथ चर्चा करीब-करीब पूरी हो चुकी है। अभी एयर डिफेंस से जुड़ा फैसला वायुसेना के अलावा अपने-अपने इलाकों में थल एवं नौसेना भी करती है। सूत्रों ने कहा कि देश में गठित होने वाली पहली थियेटर कमान एयर डिफेंस कमान होगी। यह मार्च 2023 से पहले आकार ले लेगी। यह कमान पूरी तरह से वायुसेना के नियंत्रण में होगी। वायुसेना प्रमुख के पास ही इसके संचालनात्मक अधिकार होंगे। हालांकि, थियेटर कमान का एक अलग से प्रमुख भी होगा जो एयर मार्शल रैंक का अधिकारी होगा। थियेटर कमान के गठन में वायुसेना ने कुछ आपत्तियां दर्ज कराई गई थी। सबसे बड़ी आपत्ति यह थी कि इस प्रकार की कमान गठित होने में




निर्णय लेने की प्रक्रिया के ज्यादा स्तर नहीं बनने पाएं, जिससे ऐन वक्त पर निर्णय लेने में विलंब हो। सूत्रों की मानें तो इस मामले में निर्णय लेने के व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

**एयर डिफेंस कमान-** वायुसेना का नियंत्रण होगा। एयर मार्शल रैंक का अधिकारी प्रमुख होगा।

**समुद्री कमान-** इस कमान पर पूर्ण अधिकार नौसेना प्रमुख के पास रहेगा।

**पूर्वी एवं पश्चिमी-** दोनों कमान के मामले में निर्णय थल सेना प्रमुख लेंगे।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' से ब्रेक लेंगे राहुल गांधी, 22 नवंबर को गुजरात में करेंगे चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 22 नवंबर को गुजरात में चुनाव प्रचार करेंगे। वह कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा से ब्रेक लेकर गुजरात का दौरा करेंगे। गुजरात में दो चरणों में 1 और 5 दिसंबर को चुनाव होने हैं। वोटों की गिनती 8 दिसंबर को होगी।

हिमाचल प्रदेश में विधान सभा चुनाव प्रचार नहीं करने के कारण पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को भाजपा की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, जहां 12 नवंबर को विधानसभा चुनाव हुए थे। अब हिमाचल में चुनाव खत्म होने के साथ ही कांग्रेस गुजरात पर फोकस कर रही है। अगले कुछ हफ्तों में, कांग्रेस के प्रमुख पार्टी नेताओं द्वारा चुनावी राज्य में कई प्रचार रैलियां निर्धारित की गई हैं।

इसके तहत पार्टी आगामी 15 दिनों में कुल 25 मेगा रैली करेगी जो 125 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा। कांग्रेस की ये रैलियां आक्रामक चुनावी रणनीति के तहत



होंगी, जिसमें पार्टी के तमाम बड़े नेता शिरकत करेंगे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दोनों मुख्यमंत्री - अशोक गहलोत और भूपेश बघेल; कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के अलावा पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्रियों और ओबीसी-एससी-एसटी-अल्पसंख्यक वर्ग के बड़े नेता भी आगामी दिनों में गुजरात में चुनावी रैलियां और चुनाव प्रचार करेंगे।

**गुजरात हाईकोर्ट ने हटाया हार्दिक पटेल पर लगा ये बैन, अब इस जिले में भी कर सकेंगे चुनाव प्रचार**

इस बीच, कांग्रेस ने गुजरात चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी कर दी है। इस ताजा सूची के जारी होने के साथ ही पार्टी ने अब तक राज्य की 142 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने 4 नवंबर को अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें 43 उम्मीदवारों के नाम थे। 46 उम्मीदवारों की दूसरी सूची 10 नवंबर को घोषित की गई थी। सात उम्मीदवारों की सूची शुक्रवार को जारी की गई थी। हालांकि, एक पहले नामित उम्मीदवार के स्थान पर था। विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) गुजरात में भाजपा के 27 साल के शासन को खत्म करना चाह रही हैं।

## हर खेत को पानी का लक्ष्य, 10 दिसंबर से खुलेंगी नहरें; जल संसाधन विभाग इस योजना पर कर रहा काम

**पटना।** बिहार सरकार रबी फसलों की सिंचाई की तैयारी में जुट गयी है। इसके लिए सिंचाई के लिए पानी की जरूरत का नए सिरे से लक्ष्य निर्धारित होगा। सभी मुख्य अभियंताओं से अपने-अपने प्रक्षेत्र में सिंचाई का क्षेत्र तय कर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। पिछले दिनों विभाग के सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में रबी सिंचाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें हर हाल में जरूरतमंद खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की योजना बनायी गयी। बैठक में सभी 9 मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र को हर हाल में 15 नवंबर तक अपने-अपने क्षेत्र से सिंचाई का लक्ष्य तयकर जानकारी भेजने का निर्देश दिया गया। जल संसाधन विभाग खुद भी रबी सिंचाई के लिए कार्ययोजना बनाने में जुट गया है। मुख्यालय स्तर से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उधर, मुख्यालय के निर्णय के बाद डिहरी, नालंदा, गया, औरंगाबाद, भागलपुर, मोतिहारी, सीवान, सहरसा और दरभंगा मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र रबी सिंचाई को लेकर लक्ष्य तय करने में जुट गया है। इस साल कम से कम 750 हजार हेक्टेयर क्षेत्रों को सिंचित करने की योजना बन सकती है। गत वर्ष 732 हजार हेक्टेयर में रबी की सिंचाई का लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि वर्ष 2020-21 में 740 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई का लक्ष्य तय हुआ था।

**इन नहरों से मिलेगा पानी-**सामान्यत प्रदेश में 700 हजार हेक्टेयर भू-भाग में रबी की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहता है। प्रदेश में 10 दिसंबर से रबी सिंचाई के लिए नहरों में पानी दिया जाएगा। हर साल उसी दिन से नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। राज्य सरकार सोन नहर प्रणाली, गंडक नहर प्रणाली और कोसी नहर प्रणाली से रबी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती है। कोसी और गंडक नहर प्रणाली से 105 दिन, जबकि सोन नहर प्रणाली से 121 दिन सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। सोन नहर प्रणाली में 16 दिनों तक अधिक पानी की उपलब्धता रहती है।

## राम मंदिर के साथ ही मस्जिद भी हो जाएगी तैयार! 'धन्नीपुर मस्जिद' का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में मुसलमानों को दी गई जमीन पर मस्जिद का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह जानकारी मस्जिद निर्माण का कार्य कर रहे इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने दी। अगर ऐसा हुआ तो यह एक संयोग होगा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण मुकम्मल होने के आसपास ही मस्जिद के ढांचे की तामीर भी पूरी हो जाएगी। जिस जमीन पर इस मस्जिद का निर्माण कराया जाएगा वह राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद मामले में स्ट की ओर से मुस्लिम पक्ष को दी गई है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट का गठन किया है।

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने बताया, हमें इस महीने के आखिर तक अयोध्या विकास प्राधिकरण से मस्जिद, अस्पताल, सामुदायिक रसोई, पुस्तकालय और रिसर्च सेंटर का नक्शा मिल जाने की उम्मीद है। उसके फौरन बाद हम मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू कर देंगे। वैसे तो फाउंडेशन



मस्जिद के साथ बाकी चीजों का भी निर्माण शुरू कराएगी, लेकिन मस्जिद छोटी है इसलिए उसके जल्द बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। इसके निर्माण की कोई समय सीमा नहीं तय की गई है, मगर उम्मीद है कि अगले एक साल के अंदर (दिसंबर 2023 तक) हम मस्जिद का ढांचा तैयार कर लेंगे।

**मस्जिद का नाम होगा धन्नीपुर अयोध्या मस्जिद**

हुसैन ने बताया कि मस्जिद और अन्य सुविधाओं का निर्माण उसी डिजाइन के हिजाब से किया जाएगा जो ट्रस्ट ने पहले जारी किया था। उन्होंने बताया कि मस्जिद का नाम धन्नीपुर अयोध्या मस्जिद होगा। मस्जिद व अन्य सभी सुविधाओं के पूरे परिसर को मौलवी अहमदुल्लाह शाह कॉम्पलेक्स के तौर पर जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि अहमदुल्लाह शाह महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

**फडणवीस की तारीफ, विरोध से दूरी; क्या है संजय राउत की मजबूरी? क्यों बदले सुर**

गौरतलब है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक मुकम्मल हो जाने की बात कही है। संभावना है कि मस्जिद का निर्माण भी इसी समय तक पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पिछली 25 अक्टूबर को बताया था, मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा और जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन शुरू कर दिए जाएंगे।

# जितेंद्र आव्हाड पर छेड़छाड़ का मुकदमा, सड़क पर समर्थक; एनसीपी विधायक बोले- सावधान रहना शिंदे साहब

**ठाणे।** हर हर महादेव शो को जबरन बंद कराने के आरोप में गिरफ्तार हुए एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ के 72 घंटे के भीतर एक और मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से ठाणे की राजनीति गरमा गई है। विधायक जितेंद्र के खिलाफ ठाणे आयुक्तालय के मुंब्रा पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ है। जितेंद्र आव्हाड ने इस बारे में ट्वीट भी किया और कहा कि वो विधायकी से इस्तीफा देने का फैसला ले रहे हैं क्योंकि वह अपनी आंखों के सामने लोकतंत्र को मरते हुए नहीं देख सकते। उन्होंने ट्वीट में सीएम एकनाथ शिंदे पर तंज कसा। लिखा- चाणक्य नई शकुनि मामा...शिंदे साहब सावधान रहें। उधर, आव्हाड पर मुकदमे के बाद से ठाणे, मुंब्रा समेत कई इलाकों में एनसीपी समर्थकों ने हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया है।

दरअसल, मुंब्रा की एक 40 वर्षीय महिला सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि जितेंद्र आव्हाड भीड़ में आगे बढ़ रहे थे, उन्होंने





उसे दोनों कंधों को अनुचित तरीके से छूते हुए धक्का दिया और कहा तुम बीच में क्यों खड़े हो? एक तरफ से बाहर निकलो और उसे भीड़ के दूसरी तरफ धकेला। महिला ने सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात के बाद तुरंत मुंब्रा थाने में जाकर मामला दर्ज कराया।

**एनसीपी विधायक ने मामले को बताया झूठा-**मुंब्रा पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। जमानत पर बाहर चल रहे विधायक जितेंद्र आव्हाड ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया, पुलिस ने 72 घंटे में मेरे खिलाफ दूसरा झूठा मामला दर्ज किया और वह भी 354। मैं इसके खिलाफ लड़ूंगा।

**चाणक्य कौन है?**

छेड़छाड़ के मुकदमे के बाद एनसीपी विधायक जितेंद्र ने ट्वीट करते हुए सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट किया, ÷चाणक्य नई शकुनि मामा...शिंदे साहब सावधान रहें।÷ पार्टी सूत्र बता रहे हैं कि इसका संबंध शिंदे समूह के प्रवक्ता नरेश म्हस्के के लिए हो सकता है। आव्हाड ने दावा किया कि सभी नियमों का उल्लंघन कर उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था। साथ ही जब उन्हें सुनवाई के लिए कोर्ट लाया गया तो उन्होंने अपने परिवार से बात करते हुए सनसनीखेज दावा किया। जब मैं पुलिस हिरासत में था, अधिकारियों को लगातार चाणक्य के फोन आ रहे थे। चर्चा थी कि चाणक्य द्वारा जितेंद्र को पुलिस हिरासत में भी भोजन मिलने से रोकने के प्रयास किए गए।

**सड़क पर उतरे समर्थक**

उधर, जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ लगातार दो मुकदमों के बाद से ठाणे की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है। एनसीपी समर्थक कई जगहों पर हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट है कि ठाणे, मुंब्रा और कुछ अन्य इलाकों में इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं।

# अब कंगना ने इंस्टाग्राम से लिया पंगा!



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौट अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती है। लेकिन वह अक्सर अपने बयानों की वजह से विवादों में भी उलझ जाती हैं। भले ही कंगना का ट्विटर अकाउंट सस्पेंड हो, लेकिन वह इन दिनों जमकर इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तारीफ कर रही हैं। अब कंगना रनौट ने एक बार फिर अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में ट्विटर की खूब तारीफ की है। इतना ही नहीं उन्होंने इंस्टाग्राम को बेकार भी बता दिया है। कंगना का कहना है कि गूंगा इंस्टाग्राम सिर्फ फोटो डालने का प्लेटफॉर्म रह गया है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, डंब इंस्टाग्राम तस्वीरों के लिए ही सिर्फ है, जो कुछ भी राय इसपर हमलोग लिखते है, वह अगले दिन गायब हो जाता है, लेकिन हम में से कुछ लोगों के बारे में क्या है, जो उनकी हर बात का मतलब रखते हैं और उन लोगों के लिए अपने विचारों का दस्तावेजीकरण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसमें कुछ मिनी ब्लॉग जैसा होना चाहिए, जो हमेशा के लिए रहे। जिन लोगों के बातों का कोई मतलब नहीं है, उन्हें ये सुविधा न भी मिले तो चलेगा। इससे पहले कंगना ने ट्विटर को बेस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बताया था। उन्होंने ब्लू टीक के लिए एलन मस्क के आठ डॉलर प्रति माह चार्ज करने के फैसले को सही ठहराया है। साथ ही ट्विटर प्लेटफॉर्म को बौद्धिक और वैचारिक रूप से प्रेरित बताते हुए इसको सर्वश्रेष्ठ करार दिया था। बता दें कि मई 2021 में कंगना द्वारा लगातार नियमों का उल्लंघन करने के कारण ट्विटर ने उनका अकाउंड स्थाई रूप से निलंबित कर दिया था। लेकिन जब से एलन मस्क ट्विटर के मालिक बने हैं कंगना इस प्लेटफॉर्म की जमकर तारीफ कर रही हैं। फैंस को भी उम्मीद है कि जल्द ही कंगना की ट्विटर पर वापसी हो सकती है।

## खुशी के लिए मैं उस जरूरतमंद चिड़चिड़ी बहन की तरह हूं : जान्हवी कपूर



जान्हवी कपूर और खुशी ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए सिस्टरहुड के लक्ष्यों को फिर से परिभाषित किया है। किसी भी अन्य भाई-बहनों की तरह, बॉलीवुड अभिनेत्री का कहना है कि वह जरूरतमंद, चिड़चिड़ी बहन है, जो खुशी से तब लड़ती हैं जब वह उनके साथ समय नहीं बिता रही होती हैं। जान्हवी ने  बातचीत में, खुशी के साथ सिस्टरहुड और उसके विकसित समीकरण के बारे में बात की, जो कहती है कि एक समय में धड़क अभिनेत्री के कपड़े पहनने का तरीका पसंद नहीं आया। जान्हवी ने कहा, हमारे पास हमारा चरण था जहां कपड़े उधार लेना एक बड़ी वर्जना थी। हम ऐसा अभिनय करते थे जैसे कोई बड़ा युद्ध चल रहा हो लेकिन ईमानदारी से अब हम एक ही आकार के नहीं हैं इसलिए मैं उसके बहुत सारे कपड़े नहीं ले सकती। लेकिन अब वह ठीक है कि मैं कैसे कपड़े पहन रही हूं लेकिन मुझे लगता है कि कुछ महीने पहले वह मेरे कपड़े पहनने के तरीके से नफरत करती थी। अभिनेत्री ने हंसते हुए कहा, तो वह ऐसी थी कि कृपया मेरे कपड़े ले लो। जो तुम्हारा है उसे मत पहनो। कृपया मुझे आपकी मदद करने दो। अब वह मुझे उसके कपड़े पहनने के लिए एक समाज सेवा की तरह सोचती है। हालांकि, जान्हवी अपनी बहन खुशी के बहुत करीब हैं, जो जोया अख्तर के कॉमिक द आर्चीज के रूपांतरण के साथ अभिनय की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुझे याद है कि शूटिंग से पहले यह मेरी आखिरी रात थी और मैं उसे बताना भूल गयी, और वह एक पार्टी के लिए गई, और मैंने चिल्लाना और रोना शुरू कर दिया। मैंने एक बड़ा दृश्य बनाया और उसे पार्टी छोड़कर आना पड़ा। अभिनेत्री, जिनकी नवीनतम रिलीज मिली है।



## देबिना बनर्जी के घर दूसरी बार गूंजी किलकारी

टीवी एक्ट्रेस देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी के घर एक बार फिर किलकारियां गूंज गई है। देबिना बनर्जी अपनी बेटी लियाना के जन्म के कुछ ही ? महीनों बाद दूसरी बार मां बन गई हैं। एक्ट्रेस ने एक बेटी को जन्म ? दिया है। इस खुशखबरी को गुरमीत चौधरी ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है। गुरमीत चौधरी ने देबिना बनर्जी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह देबिना के माथे पर किस करते दिख रहे हैं। वहीं देबिना बैलून को पकड़े हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में बेटी के आने पर खुशी जाहिर की है। गुरमीत चौधरी ने लिखा, बेबी गर्ल, दुनिया में हमारी बच्ची का स्वागत है। हम फिर से माता-पिता बन गए हैं। हम इस समय कुछ प्राइवेसी चाहते हैं, क्योंकि हमारी बेबी जल्द ही दुनिया में आ गई है। अपना आशीर्वाद बनाए रखें और अपना प्यार बरसाते रहें। गुरमीत चौधरी की

दिया है। कुछ दिनों पहले ही देबिना ने एक वीडियो पोस्ट कर बताया था कि वह अस्पताल जाने के लिए अपना बैग पैक कर चुकी हैं। हालांकि, इस पोस्ट से उनके फैंस इस बात को समझ नहीं पाए थे कि उनका दूसरा बच्चा प्रिमैच्योर होने वाला है।



**मनी लॉन्ड्रिंग केस**

## जैकलीन को मिलेगी बेल या जेल?

### 15 नवंबर को आएगा फैसला

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस बीते काफी समय से मुश्किलों में घिरी हुई हैं। ईडी ने 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन को भी आरोपी बनाया है। बीते दिन एक्ट्रेस की रेग्यूलर जमानत याचिका पर पटियाल हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान जैकलीन ने ईडी पर उनको परेशान करने का आरोप लगाया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि उन पर लगे सभी आरोप निराधार है। एक्ट्रेस के वकील ने कहा जैकलीन ने खुद इस मामले में सरेंडर किया और उन्हें कोर्ट ने अंतरिम जमानत भी दी है। वहीं ईडी ने अपनी दलील में कहा था कि जैकलीन ने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया। सूबतों के सामने आने पर ही जैकलीन ने कबूलनाम किया है। एक्ट्रेस को पता था कि सुकेश एक ठग है। इसके बावजूद वो

फैसला सुरक्षित रख लिया था। उम्मीद की जा रही थी कोर्ट मंगलवार को अपना फैसला सुनाएंगी। लेकिन फिलहाल यह फैसला टाल दिया गया है। कोर्ट ने कहा है कि अब मंगलवार 15 नवंबर को शाम चार बजे फैसला सुनाया जाएगा। जैकलीन फर्नांडिस फिलहाल अंतरिम जमानत पर बाहर है। अदालत ने 26 सितंबर को जैकलीन फर्नांडिस को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दी थी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी कई बार जैकलीन से पूछताछ कर चुकी है।

## ब्रीदः इनटू द शैडोज 2 में काम करके सैयामी खुश

अमेजन ओरिजिनल सीरीज ब्रीद-इनटू द शैडोज़ सीजन 2 का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर हो गया है। इस सीरीज को दर्शकों और समीक्षकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर से जहां अभिषेक बच्चन, अमित साध, निथ्या मेनन, नवीन कस्तूरिया, सैयामी खेर और इवाना कौर अपने किरदार को रिप्राइज कर रहे हैं, वहीं नवीन कस्तूरिया सीजन 2 में नई एंट्री हैं। सीजन 1 में अपनी दिलचस्प कहानी की गहराई तक जनता को ले जाने के बाद, दूसरे सीज़न ने फिर से इस क्राइम ड्रामा थ्रिलर के अलग-अलग चैप्टर खोल हैं जिसे दर्शकों का अपार प्यार मिल रहा है। जहां दर्शकों ने देखा कि हर किरदार अपने सस्पेंस फैक्टर में और ऊपर उठ गया है, वहीं सैयामी खेर द्वारा निभाई गई शर्ली ने भी अपने रियल लाइफ से अपने ऑन स्क्रीन किरदार में बदलाव का अनुभव किया। सैयामी खेर को ब्रीद -इनटू द

से पेश करने के लिए हर तरफ से प्यार मिल रहा है। इसके अलावा, दर्शकों के लिए अपने किरदार और उसके सफर के बारे में बात करते हुए उन्होंने साझा किया, जो आप काम कर रहे हैं उसे बेहतर बनाने की कोशिश और मयंक और लेखक ने जीवन को और भी बेहतर बना दिया है। सैयामी खेर ने कहा, मैं अपनी भूमिका या परियोजना से काफी भावनात्मक रूप से बंधी हुई हूं। मैं उन ज्यादातर परियोजनाओं पर काम कर रही हूं जिन्हें हमने पूरा किया है। ऐसा लगता है कि ओह फिल्म खत्म हो गई है, आप कैरेक्टर और दुनिया में फिर से वापस नहीं जा सकते। ब्रीद एक ऐसी फ्रैंचाइज़ी है जहां आप विशेष रूप से किरदार में वापस जा सकते हैं क्योंकि आपने इसे पसंद किया है। हर किरदार का एक गहरा साइड होता है। किरदारों की कई परतें थीं, लेकिन दूसरे सीज़न में, मयंक ने उनके ऊपर और परतें जोड़ दीं, कहानी को और भी उलझा दिया। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।



## रणदीप की क्राइम ड्रामा

### कैट 9 दिसंबर को होगी रिलीज

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा की आगामी क्राइम ड्रामा सीरीज कैट शीर्षक से 9 दिसंबर को विशाल नेटफिक्स स्ट्रीमिंग पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सीरीज, जो निर्माता और श्रोता बलविंदर सिंह जंजुआ से आती है, एक्सट्रैक्शन के बाद रणदीप के नेटफिक्स के साथ दूसरे सहयोग को चिह्नित करती है, जो 2020 में रिलीज हुई थी। रणदीप और नेटफिलक्स ने घोषणा करने के लिए अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। कैट गुरनाम सिंह की कहानी है, जो अपने भाई की जान बचाने की कोशिश में अपने काले अतीत का सामना करने के लिए मजबूर होता है। एक बार कैट - एक युवा लड़के के रूप में पुलिस के लिए मुखबिर होने के बाद, गुरनाम खुद को एक पुलिस मुखबिर के रूप में, भ्रष्टाचार और अपराध के अस्थिर अंडरबेली में, धोखे के जाल को खोलते हुए पाता है। बलविंदर सिंह जंजुआ द्वारा निर्मित और जेली बीन एंटरटेनमेंट के सहयोग से मूवी टनल प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, कैट 9 दिसंबर, 2022 को रिलीज होगी। रणदीप हुड्डा के साथ, श्रृंखला में सुविंदर विक्की, हसलीन कौर, गीता अग्रवाल, दक्ष अजीत सिंह, सुखविंदर चहल, के.पी. सिंह, काव्या थापर, दानिश सूद और प्रमोद पत्थल सहित अन्य।

## यात्रा करने, लोगों से मिलने में सक्षम होने के लिए मैं आभारी हूंः श्रुति हासन

चेन्नई। अभिनेत्री, गायिका श्रुति हासन, जो इस समय एथेंस में अपनी अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई की शूटिंग कर रही हैं, ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह यात्रा कर सकती हैं, कला बना सकती हैं और प्यारे लोगों से मिल सकती हैं। विदेशों में लंबे शेड्यूल के लिए शूटिंग करने के अपने फायदे तो हैं ही, साथ ही एक नुकसान भी है। अपने घर और प्रियजनों को याद करना। श्रुति निश्चित रूप से इसकी पुष्टि कर सकती है। अभिनेत्री, जो इस समय ग्रीस में दूर है, ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम कहानी पोस्ट की जिसमें वह घर से दूर होने वाली सभी चीजों के बारे में याद करती है। उन्होंने कुछ नाम रखने के लिए अपने साथी संतनु हजारिका, उनकी अद्भुत पेंटिंग, उनकी बिल्ली और उनके बिस्तर की तस्वीरें पोस्ट कीं है। जब उन्होंने उन सभी चीजों के बारे में पोस्ट किया जो उन्हें याद आती हैं, श्रुति ने यह उल्लेख करने के लिए जल्दी किया कि वह जिस जीवन का नेतृत्व कर रही है, उसके लिए वह बहुत आभारी है। उन्होंने लिखा, और फिर भी, मैं यात्रा करने, कला बनाने, प्यारे लोगों से मिलने और चमक और प्यार से भरा जीवन जीने में सक्षम होने के लिए बहुत आभारी हूं। श्रुति की अंतर्राष्ट्रीय परियोजना, द आई का निर्देशन डैफने श्मोन द्वारा किया जा रहा है और इसे एमिली कार्लटन ने लिखा है। फिंगरप्रिंट कंटेंट द्वारा समर्थित फिल्म, ग्रीस के सबसे बड़े और सबसे स्थापित प्रोडक्शन हाउस, एग्रोनॉट्स प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित की जा रही है। द आई एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जो एक विधवा की कहानी है जो अपने मृत पति की राख को फैलाने के लिए एक ग्रीक द्वीप पर लौटती है। श्रुति के अलावा, फिल्म में मार्क रोली (द लास्ट किंगडम, वन डे), अन्ना साव्वा (ट्रू हॉरर) और लिंडा मार्लो (द डचेस) जैसे नामों के साथ एक तारकीय स्टारकास्ट है।





## वेब शो से डेब्यू करेंगी मलाइका

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने आगामी शो मूविंग इन विद मलाइका के साथ अपने व्यक्तित्व को एक नया पक्ष दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो ओटीटी पर आएगा। यह शो उस अभिनेत्री के वेब शो की शुरूआत को भी चिह्नित करेगा, जिसने टेलीविजन से अपने करियर की शुरूआत की थी। नए शो के साथ, अभिनेत्री अनफिल्टर्ड बातचीत के माध्यम से प्रशंसकों को अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य तक पहुंच प्रदान करेंगी। अपने उत्साह को साझा करते हुए मलाइका ने कहा, सबसे लंबे समय तक, दुनिया ने मुझे सोशल मीडिया के चश्मे से देखा है। लेकिन इस बार मैं कुछ नया कर के उत्साहित हूं। इस शो के साथ, मैं अपने बीच की उस बाधा को तोड़ना चाहती हूं। और मेरे प्रशंसकों को और मलाइका के साथ मूविंग इन के माध्यम से उन्हें अपनी दुनिया में आमंत्रित करती हूं। अभिनेत्री ने शो को एक मजेदार शो  होने का वादा किया है क्योंकि वह अपने कुछ करीबी परिवार और दोस्तों के साथ अपने दैनिक जीवन का पता लगाने के लिए दर्शकों को अपने साथ ले जाएंगी। इससे पहले, मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम पर कैप्शन के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की थी, और मैंने कहा हां जिसके कारण उनके प्रशंसकों ने उनके प्रेमी अर्जुन कपूर के साथ उनकी शादी के बारे में अटकलें लगाईं। हालांकि, अभिनेत्री ने अपने डिजिटल डेब्यू के बारे में हालिया अपडेट के साथ सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। मूविंग इन विद मलाइका डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 5 दिसंबर को रिलीज होगी।



DEEPAK NITRITE RESPONSIBLE CHEMISTRY


## दीपक नाइट्राइट का शेयर इन्वेस्टर्स को मालामाल कर गया

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार उतार-चढ़ाव से भरा हुआ है। इसमें कब कौन सा शेयर निवेशकों के लिए फायदे का सौदा बन जाए और फर्श से अर्श पर पहुंचा दे, कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक शेयर लंबी अवधि में इन्वेस्टर्स को मालामाल करने वाला साबित हुआ है। केमिकल सेक्टर की कंपनी दीपक नाइट्राइट के शेयरों ने महज 10 साल में ही ऐसी रफ्तार पकड़ी कि निवेशकों की बल्ले-बल्ले हो गई। हालांकि, बीते कुछ दिनों से इसमें गिरावट जरूर देखने को मिली है। दीपक नाइट्राइट के शेयरों में लंबी अवधि में निवेश करने वाले ग्राहक को जोरदार फायदा हुआ है। कंपनी के शेयर साल 2010 के बाद रॉकेट की रफ्तार से भागे और जिन निवेशकों ने इसके शेयरों में 13000 रुपये का निवेश किया था वो देखते ही देखते करोड़पति बन गए। इसके शेयरों में तेजी के दौर की बात करें तो 15 नवंबर 2002 को शेयर का भाव 2.83 रुपये था। 2010 तक इसके भाव धीमे-धीमे बढ़े, लेकिन इसके बाद इनमें तेजी बढ़ती ही चली गई।

## खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 6.77 प्रतिशत पर आई, सितंबर महीने में थी 7.41 प्रतिशत

**नेशनल डेस्क ।** खाद्य उत्पादों के दाम कम होने से अक्टूबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.77 प्रतिशत पर आ गयी। हालांकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने सितंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 7.41 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही छह प्रतिशत की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 7.01 प्रतिशत रही जो सितंबर महीने में 8.6 प्रतिशत थी। आरबीआई मौद्रिक नीति बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही गौर करता है। सोमवार को ही थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े भी जारी किए गए। इसके मुताबिक खाद्य, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों के दाम कम होने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 19 महीने के निचले स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गयी।

## खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 6.77 प्रतिशत पर आई



**नयी दिल्ली।** खाद्य उत्पादों के दाम कम होने से अक्टूबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.77 प्रतिशत पर आ गयी। हालांकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने सितंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 7.41 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही छह प्रतिशत की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 7.01 प्रतिशत रही जो सितंबर महीने में 8.6 प्रतिशत थी। आरबीआई मौद्रिक नीति बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही गौर करता है। सोमवार को ही थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े भी जारी किए गए। इसके मुताबिक खाद्य, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों के दाम कम होने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 19 महीने के निचले स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गयी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों के नीचे आने से आयी है। इसी के साथ ही दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.89 अंक करीब 0.28 फीसदी नीचे आकर 61,624.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का निफ्टी भी 20.55 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी टूटकर 18,329.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में डॉ. रेड्डीज, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और मारुति के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। इससे पहले आज सुबह ही बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। इसके बाद ये सिलसिला दिन भर जारी रहा।

वहीं एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट नीचे आया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ ही उछला है। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। रहा। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 95.84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



## सोने, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 255 रुपये ऊपर आकर 52,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 52,595 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी ओर चांदी भी 561 रुपये चढ़कर 62,440 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बाजार जानकारों ने कहा, ''पिछले सत्र में सोना तीन माह के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा था। इस वजह से आज इसमें मुनाफावसूली हावी रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,763 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं चांदी 21.69 डॉलर प्रति औंस पर बनी हुई थी।

## दिव्य फार्मेसी के पांच उत्पादों पर से हटा प्रतिबंध

**-लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने मानी अपनी गलत**

**नई दिल्ली ।** उत्तराखंड आयुर्वेद और यूनानी लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने दिव्य फार्मेसी के पांच उत्पादों पर से प्रतिबंध हटा लिया है। इससे योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी को बड़ी राहत मिली है। साथ ही लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने अपनी गलती भी मानी है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के दवा नियंत्रक जीसीएन जंगपांगी ने कहा कि 9 नवंबर के पिछले आदेश में एक गलती थी और यह जल्दबाजी में जारी किया गया था। प्राधिकरण ने पहले के आदेश में संशोधन करते हुए अब दिव्य फार्मेसी को इन दवाओं का उत्पादन जारी रखने की अनुमति दे दी है। दिव्य फार्मेसी बाबा रामदेव के पतंजलि प्रोडक्ट्स का निर्माण करती है। 11 नवंबर को राज्य के आयुर्वेद अधिकारियों ने बाबा रामदेव की फर्म को डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, गोइटर, ग्लूकोमा और हाई कोलेस्ट्रॉल को ठीक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पांच दवाओं के उत्पादन को रोकने का निर्देश दिया था। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के दवा नियंत्रक जीसीएन जंगपांगी ने कहा, 'हमें आदेश जारी करने से पहले कंपनी को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए समय देना चाहिए था।' पहले के आदेश में अधिकारियों ने ब्लड प्रेशर, मधुमेह, गोइटर, ग्लूकोमा और उच्च कोलेस्ट्रॉल के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बीपीग्रिट, मधुग्रिट, थायरोग्रिट, लिपिडॉम टैबलेट और आईग्रिट गोल्ड टैबलेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, नोटिस में कहा गया है कि कंपनी इन उत्पादों का निर्माण तभी शुरू कर सकती है जब प्राधिकरण उनकी संशोधित फॉर्मूलेशन शीट को मंजूरी दे दे। दरअसल प्रतिबंध की यह कार्रवाई केरल के एक डॉक्टर के वी बाबू द्वारा दायर एक शिकायत के बाद की गई थी, जिसमें उन्होंने दिव्या फार्मेसी पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

## मौद्रिक नीतियां सख्त करने से बढ़ी महंगाई, इस वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बढ़े दबाव : आईएमएफ

**-जी-20 समिट से पहले आईएमएफ का बजा मंदी पर अलार्म**




**बाली ।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जी-20 शिखर सम्मलेन से पहले कहा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कमजोर होती दिख रही है। वैश्विक संस्था ने कहा कि बीते माह जो अनुमान था, उससे भी खराब स्थिति होती दिख रही है। आईएमएफ का कहना है कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं ने मौद्रिक नीतियां सख्त की हैं और महंगाई में तेजी आई है, उसकी वजह से ऐसे हालात निर्मित हुए हैं। अपने अनुमान में आईएमएफ ने बताया कि चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन दिखा है और सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। इसके अलावा रूस और यूक्रेन के युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। इसी के चलते ऐसे हालात बन रहे हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी दिख रही है। बीते माह ही वैश्विक संस्थान ने 2023 में दुनिया की आर्थिक ग्रोथ के अनुमान को 2.9 फीसदी से घटाकर 2.7 फीसदी करने का ऐलान किया था। जी-20 लीडर्स समिट से पहले आईएमएफ ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर जो संकेत मिल रहे हैं, वे धीमेपन की बात कर रहे हैं। खासतौर पर यूरोप में मंदी की स्थिति बनी हुई है। इसका असर दुनिया के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलेगा। आईएमएफ का कहना है कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज ऐक्टिविटी कमजोर पड़ी हैं। दुनिया की बड़ी 20 अर्थव्यवस्थाओं की कमोबेश ऐसे ही स्थिति है। एक तरफ महंगाई दर में इजाफा हुआ है तो वहीं मांग और उत्पादन में भी कमी देखने को मिल रही है। आईएमएफ का कहना है कि ग्लोबल इकॉनमी के सामने जो संकट है, वह चिंता बढ़ाने वाला है। इससे ऐसा लगता है कि आगे भी समय चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। यही नहीं यूरोप में ऊर्जा के संकट ने भी ग्रोथ में कमी लाने का काम किया है और महंगाई में इजाफा हुआ है। वैश्विक संस्था ने कहा कि यदि इसी तरह महंगाई बनी रही तो दुनिया भर में पॉलिसी रेट में इजाफा होगा और इससे आर्थिक स्थिति कठिन हो सकती है।

## भारत का खाद्य तेलों के आयात पर खर्च 34 प्रतिशत बढ़कर 1.57 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली**

भारत का खाद्य तेलों के आयात पर खर्च अक्टूबर, 2022 को समाप्त होने वाले तेल वर्ष में 34.18 प्रतिशत बढ़कर 1.57 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि मात्रा के संदर्भ में यह 6.85 प्रतिशत बढ़कर 140.3 लाख टन रहा है। खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, दुनिया के प्रमुख वनस्पति तेल खरीदार देश भारत ने तेल वर्ष 2020-21 (नवंबर-अक्टूबर) में 1.17 लाख करोड़ रुपये का 131.3 लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया था। पहली दो तिमाहियों के दौरान आयात धीरे-धीरे बढ़ा और तीसरी तिमाही में यह धीमा हो गया। हालांकि, इंडोनेशिया द्वारा पाम तेल पर प्रतिबंध हटाने और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट के कारण चौथी तिमाही में यह फिर से बढ़ गया, जब भारत से खरीद में बढ़ोतरी हुई। एसईए के अनुसार, इस साल पाम तेल की कीमतों में अधिक घटबढ़ ने भारत की पाम तेल की खरीदारी को प्रभावित किया। उसने कहा कि मार्च-अप्रैल में थोड़े समय के लिए पाम तेल हल्के तेलों जितना महंगा रहा। निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के इंडोनेशिया के फैसले से मई-जून में इसकी उपलब्धता और प्रभावित हुई थी। जैसा कि अपेक्षित था, भारत की पाम तेल की खरीदारी गिर गई और हल्के तेल का आयात बढ़ गया। एसईए ने बयान में कहा, नतीजतन, तेल वर्ष 2021-22 के दौरान पाम तेल आयात घटकर 79.15 लाख टन रह गया जबकि इसके पिछले वर्ष 83.21 लाख टन का आयात किया गया था। हल्के तेल का आयात इस वर्ष पहले के 48.12 लाख टन से बढ़कर 61.15 लाख टन हो गया। एसईए ने कहा कि पाम तेल उत्पादों में, आरबीडी पामोलिन का आयात 2021-22 में दोगुना से अधिक बढ़कर 18.41 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 6.86 लाख टन था। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात 74.91 लाख टन के मुकाबले 20 प्रतिशत घटकर 59.94 लाख टन रह गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल (सीपीकेओ) का आयात उक्त अवधि में 1,43,000 टन से घटकर 80,000 टन रह गया।


एसईए ने बयान में कहा कि हल्के तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात इस साल तेजी से बढ़कर 41.71 लाख टन हो गया, जो वर्ष 2020-21 में 28.66 लाख टन था। इसी तरह, सूरजमुखी तेल का आयात इस साल मामूली बढ़कर 19.44 लाख टन हो गया, जो पिछले साल 18.94 लाख टन था। एक नवंबर तक देश में 24.55 लाख टन खाद्य तेलों का शुरुआती भंडार था।

## एशियाई और अमेरिकी बाजारों में बढ़त




**टोक्यो ।** एशियाई बाजारों में सोमवार को तेज शुरुआत हुई। वहीं अमेरिकी व यूरोपीय बाजारों में भी अच्छा माहौल है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी से यह उछाल आया है। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कमी करने की संभावना के बीच ही बाजार में उत्साह आया था। डाउ जोन्स 1.10 फीसदी बढ़कर 33,749.18, एसएंडपी 0.93 फीसदी की बढ़त के साथ 3,993.05 और नैसडेक कंपोजिट 1.88 फीसदी की तेजी के साथ ही 11,323.33 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, जर्मनी का डीएएक्स 0.56 फीसदी बढ़कर 14,224.86 पर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को फ्रांस का एफटीएसई 0.78 फीसदी नीचे आकर 7318.04 के स्तर पर पहुंच गया था। इससे एशियाई बाजारों में भी सकारात्तमक प्रभाव रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी बढ़त के साथ 2485.29 के स्तर पर पहुंच गया जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.90 फीसदी ऊपर आकर 3115 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जापान का निकेई 225 में 0.55 फीसदी की गिरावट है और ये 28,108.70 पर कारोबार कर रहा है। आज कई कंपनियों के तिमाही परिणामों पर बाजार की नजरें लगी रहेंगी।

## एलआईसी ने सितंबर तिमाही में हासिल किया 15,952 करोड़ शुद्ध लाभ, शेयरों में आई तेजी




**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जब से बीती तिमाही के नतीजे पेश किए हैं, तब से इसके शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली है। कंपनी ने सितंबर को समाप्त तिमाही में 15,952 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,433 करोड़ रुपए से कई गुना अधिक है। जून तिमाही में, एलआईसी ने केवल 682.9 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बिजनेस ग्रोथ का संकेत, पहले वर्ष का प्रीमियम, एक साल पहले के 8198.30 करोड़ रुपये की तुलना में तिमाही के लिए 9,124.7 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध प्रीमियम आय 1.32 लाख करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.04 लाख करोड़ रुपये थी। तिमाही नतीजे जारी होने से कुछ दिन पहले, सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनी के शेयरधारकों को लाभांश देने या बोनस शेयर जारी करने की योजना के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं। 31 अक्टूबर को, ऐसी ही कुछ रिपोर्ट्स के कारण एलआईसी के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 2.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। 11 नवंबर को बीएसई पर शेयर 628 रुपये पर बंद हुआ, जो पिछले दिन के बंद के मुकाबले लगभग 1.17 प्रतिशत अधिक था। सोमवार को शुरुआती कारोबार में एलआई के शेयर ने लगभग 9 फीसदी की तेजी दिखाई, मगर एक घंटे के भीतर यह बढ़ोतरी केवल 5 फीसदी रह गई। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 663.95 रुपये पर खुला, जबकि शुक्रवार को 627.70 रुपये पर बंद हुआ। इसने 684.90 रुपये का हाई बनाया। हालांकि पिछले कुछ दिनों में स्टॉक में तेजी आई है, लेकिन कंपनी के ऐतिहासिक आईपीओ के समय रखे गए मूल्य तक पहुंचना काफी दूर है। एलआईसी ने इस साल मई में स्टॉक एक्सचेंज में डेब्यू किया था, लेकिन उसके बाद से शेयरों में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई है।

## महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

**उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कीमतें गिरीं , हिमाचल में बढ़ीं**



**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में हल्की तेजी आई है। इसके के साथ ही ब्रेंट क्रूड 0.75 डॉलर (0.78 फीसदी) उछलकर 96.74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ले्यूटीआई 0.70 डॉलर (0.79 फीसदी) पहुंच गया है। वहीं देश में सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर बरकरार है। वहीं कुछ राज्यों में इसकी कीमतों में बदलाव आया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं और यह 0.32 रुपये बढ़कर 95.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 0.27 रुपये बढ़कर 82.15 रुपये पर पहुंच गया। वहीं पश्चिम बंगाल में पेट्रोल 0.44 रुपये कम होकर 106.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 0.41 रुपये की गिरावट के साथ 93.49 रुपये पहुंच गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की कीमत 0.28 रुपये कम होकर 96.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 89.52 रुपये हो गई है।

नोएडा में पेट्रोल 96.69 रुपये और डीजल 89.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.23 रुपये और डीजल 89.42 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है

## अमेरिका में अब नहीं बढ़ेंगी ब्याज दरें, सेंट्रल बैंक के रुख में आ सकती है नरमी : क्रिस्टोफर वालर



**नई दिल्ली ।**

यूएस फेडरल रिजर्व बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के मेंबर क्रिस्टोफर वालर ने संभावना जताई है कि ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी के अमेरिकी सेंट्रल बैंक के रुख में अब नरमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि यूएस फेड अगली मीटिंग में रेट हाइक्स की संख्या में कटौती करने पर विचार कर सकता है, लेकिन इसे महंगाई के प्रति यूएस फेड की सख्त मॉनेटरी पॉलिसी में नरमी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। क्रिस्टोफर वालर ने आर्थिक सम्मेलन पर आयोजित एक कार्यक्रम में मौद्रिक नीति से जुड़े सवालों पर जवाब देते हुए कहा बाजार को अब ब्याज दरों वृद्धि के समापन बिंदु पर ध्यान देना चाहिए, न कि उसकी गति पर। वालर ने कहा, हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां हम शायद इंटरेस्ट रेट में बढ़ोतरी की रफ्तार को कम करने के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं, लेकिन हम कोई नरम रुख नहीं अपना रहे हैं। जब तक हम महंगाई को कम नहीं कर लेते, तब तक मॉनेटरी पॉलिसी से जुड़ी सख्त नीतियों पर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति के आंकड़े अनुमान से कम आना एक अच्छी खबर है, लेकिन आगे भी इस दिशा में काम करते रहना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महंगाई कम हो रही है। क्रिस्टोफर वालर ने कहा कि अक्टूबर में दर्ज की गई मुद्रास्फीति में 7.7% वार्षिक वृद्धि अभी भी ज्यादा है।

बता दें कि अमेरिका में महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए फेड ने इस साल मार्च से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया है और अब तक इंटरेस्ट रेट में 3.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। 1980 के दशक के बाद से मुद्रास्फीति की सबसे खराब हालात पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति में तेजी से बदलाव किए गए हैं।

## एक्सीडेंट के समय फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं होने पर भी कंपनी क्लेम नहीं कर सकती रिजेक्ट : हाईकोर्ट

**बेंगलुरु ।**

यदि किसी वाहन का इंश्योरेंस एक्सीडेंट की तारीख को वैध था, तो बीमा कंपनी की देयता को समाप्त नहीं किया जा सकता। भले ही कोई फिटनेस प्रमाण पत्र (एफसी) नहीं हो। हाल ही में कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक फैसले में यह तर्क दिया। न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के तर्क को नकारते हुए, न्यायमूर्ति एचपी संदेश ने कहा 2018 में दो निर्णयों में उच्च न्यायालय ने कहा था कि वैध एफसी नहीं होना एक मौलिक उल्लंघन नहीं था। जस्टिस एचपी संदेश ने कहा अपीलकर्ता-बीमा कंपनी का मुख्य तर्क यह था कि उस स्थान पर वाहन चलाने की अनुमति और एफसी नहीं होने के बावजूद, ट्रिब्यूनल ने लायबिलिटी तय करने में गलती की। बीमा कंपनी के तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा यदि किसी वाहन का बीमा दुर्घटना की तिथि के अनुसार वैध था, तो फिटनेस प्रमाणपत्र (एफसी) न होने पर भी बीमा कंपनी क्लेम देने से इनकार नहीं कर सकती है। दरअसल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के तहत, हर मोटर वाहन के पास एक वैलिड फिटनेस सर्टिफिकेट (एफसी) होना अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वाहन सड़कों पर चलने के लिए सही हैं। इसके लिए जब फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया जाता है तो प्राइवेट और कमर्शियल कार दोनों का रजिस्ट्रेशन बहुत आसान हो जाता है। बता दें कि अब से सभी पुरानी गाड़ी रखने वाले लोगों के लिए विंड शील्ड पर फिटनेस सर्टिफिकेट लगाना अनिवार्य हो गया है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## ब्राजील और अर्जेंटीना जीत सकते हैं खिताब : क्लिंसमैन

**बर्लिन।** अमेरिकी फुटबॉल टीम के कोच जुर्गन क्लिंसमैन के अनुसार अर्जेंटीना और ब्राजील 20 नवंबर से कतर में होने वाले फीफा विश्व कप 2022 में जीत के प्रबल दावेदार हैं। जर्मन फुटबॉलर रहे क्लिंसमैन के अनुसार ये दोनो ही टीमें काफी संतुलित नजर आती हैं। क्लिंसमैन ने कहा , 'ब्राजील ने एक बहुत ही सफल क्वालीफाई अभियान खेला है और अर्जेंटीना की तरह उसमें भी पिछले विश्व कप से बेहतर प्रदर्शन की क्षमता है। ' क्लिंसमैन के अनुसार अर्जेंटीना को स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी का लाभ मिलेगा। इसका कारण है क 35 वर्षीय मेसी अब अपने करियर के अंतिम दौर में जीत के साथ खेल को अलविदा कहना चाहेंगे। साथ ही कहा कि कतर टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों को अलग-अलग प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसका कारण है कि कतर टूर्नामेंट टीमों के लिए अब तक अज्ञात रहा है, क्योंकि यहां पहली बार गरमी के हालातों में खेलना होगा। साथ ही कहा कि यदि स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस सत्र की अपनी टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ विवादों को भूल सकते हैं, तो 2016 यूरोपीय चैंपियन पुर्तगाल टूर्नामेंट में सबको हैरान कर सकती है। वहीं दूसरी ओर महान फुटबॉलर पेले ने कहा है कि ब्राजील अगले महीने कतर में होने वाले विश्व कप में छठी बार चैम्पियन बनेगा। ब्राजील ने 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में अपराजित रहते हुए शीर्ष पर रहकर विश्व कप में जगह बनाई थी।



## धवन न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले फार्म में आये

### विजय हजारे ट्रॉफी में लगाया अर्धशतक

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**


भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप से सीधे न्यूजीलैंड दौरे पर पहुंची है। इस दौरे में अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एकदिवसीय प्रारुप के लिए भारतीय टीम के कप्तान होंगे। भारतीय टीम इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 खेलेगी। टी20 में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं इस दौरे पर रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली शामिल नहीं किये गये हैं। भारतीय टीम के लिए सकारात्मक बात यह है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले धवन फॉर्म में आ गये हैं। धवन अभी टीम के साथ नहीं गये हैं और विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले दो मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जमकर रन बनाये हैं। धवन ने मेघालय के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने केवल 42 गेंद में 54 रन की पारी खेली। धवन ने अपनी इस पारी में 12 चौके लगाये। इस प्रकार उन्होंने 54 में से 48 रन तो सिर्फ चौके लगाकर ही बना दिये। धवन ने इससे पहले, विदर्भ के खिलाफ भी पारी की शुरुआत करते हुए 47 रन की पारी खेली थी। मेघालय ने दिल्ली को 50 ओवर में 217 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे दिल्ली ने शिखर धवन (54), हिम्मत सिंह(85) और यश धुल के अर्धशतक की मदद से महज 32.2 ओवर में हासिल कर लिया। धवन का फॉर्म में लौटना भारत के लिए राहत की बात है क्योंकि वह टीम के सबसे अनभवी बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरीज में धवन नाकाम रहे थे। तब उन्होंने 3 वनडे में कुल मिलाकर 25 रन ही बनाए थे। इस सीरीज में उनका सबसे अच्छा स्कोर 13 रन था, जो उन्होंने रांची वनडे में बनाया था। इससे पहले, जिम्बाब्वे दौरे पर भी धवन एक अर्धशतक ही लगा पाए थे।

# महिला एफआईएच नेशन्स कप हॉकी में सविता की कप्तानी में उतेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

स्पेन के वालेंसिया में 11 से 17 दिसंबर तक खेले जाने वाले महिला एफआईएच नेशन्स कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम गोलकीपर सविता पूनिया की कप्तानी में उतरेगी। इस टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय टीम में मिडफील्डर नवजोत भी शामिल हैं। रक्षापंक्ति की खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का टीम की उप-कप्तान होंगी। एफआईएच महिला नेशन्स कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इसके चैंपियन को एफआईएच महिला प्रो लीग 2023-2024 सत्र का टिकट मिलेगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पूल बी में चिली, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ है, जबकि पूल ए में आयरलैंड, इटली, कोरिया और स्पेन की टीमें शामिल हैं। भारत टूर्नामेंट के पहले दिन चिली के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जबकि अनुभवी नवजोत कौर की टीम में वापसी हुई है। नवजोत कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर हो गयी थी। टीम में रिजर्व गोलकीपर बिचू देवी खरीबाम भी शामिल हैं, जबकि ड्रैग-फ्लिकर गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और इशिका चौधरी एक्का के साथ रक्षापंक्ति को मजबूत बनाएंगी। इसके अलावा मिडफील्ड में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू खरीबाम, मोनिका, नेहा, सोनिका, ज्योति और नवजोत कौर होंगी, जबकि अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, संगीता कुमारी और डुंगडुंग के पास होगी।



इटली में स्पेन के रफल नडाल एटीपी फाइनल्स में खेलते हुए।

## मैरीकोम, सिंधु सहित दस खिलाड़ी आईओए एथलीट आयोग में शामिल



**नई दिल्ली ।**

भारत की अनुभवी महिला मुक्केबाज और एम सी मैरीकोम , महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और शिवा केशवन को आईओए एथलीट आयोग में शामिल किया गया है। इन सभी का चयन आम राय से हुआ है। आयोग में चुने गए दस खिलाड़ियों में भारोत्तोलक मीराबाई चानू, निशानेबाज गगन नारंग, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, तलवारबाज भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल और पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओ पी करहाना शामिल हैं। दस खिलाड़ियों में से पांच महिलायें हैं और सभी ओलंपियन हैं। सिर्फ केशवन शीतकालीन ओलंपियन हैं। केवल दस खिलाड़ियों ने ही नामांकन भरा था और ऐसे में आईओए चुनाव के निर्वाचन अधिकारी ने सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया । वहीं भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और पूर्व हॉकी खिलाड़ी सरदार सिंह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और एशियाई ओलंपिक परिषद के सदस्य के तौर पर आयोग में शामिल होंगे। इन दोनों को मतदान का अधिकार होगा। बिंद्रा को 2018 में आठ साल के लिये आईओसी एथलीट आयोग का सदस्य चुना गया था जबकि सरदार सिंह 2019 में चार साल के लिये ओसीए एथलीट आयोग के सदस्य बने थे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम का ऐलान, नए तेज गेंदबाज की टीम में एंट्री

**जोहानिसबर्ग ।(एजेंसी)**

उंगली के फ्रैक्चर से उबरने के बाद बल्लेबाज रासी वैन डेर डूसन की अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए सोमवार को दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी हुई है। टीम में नए तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जे को शामिल किया गया है जबकि बल्लेबाज थेउनिस डि ब्रुइन की भी वापसी हुई है। डि ब्रुइन ने 2019 के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। रायन रिकेल्टन के चोटिल होने के कारण विकेटकीपर के तौर पर विकेटकीपर- हेनरिक क्लासेन को तरजीह दी गयी है।



टीम को हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कीगन पीटरसन की कमी खलेगी। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले पीटरसन के घरेलू क्रिकेट के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण चोटिल हो गए। स्पिनर केशव महाराज को चोटिल होने के बाद भी टीम में चुना गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि वह दौरे से पहले 'ग्रोइन' की चोट से उबर जाएंगे। कप्तान डीन एल्गर की अगुवाई में टीम ऑस्ट्रेलिया में ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में दिसंबर - जनवरी में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे पायदान पर है। दक्षिण अफ्रीका पहली बार अंतरिम मुख्य कोच मालिबोंगवे मकेटा के मार्गदर्शन में मैदान में उतरेगा। टी20 विश्व कप में नीदरलैंड से हारने के बाद प्रोटियाज का पहला मुकाबला होगा।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम :** डीन एल्गर, टेम्बा बावुमा, जेराल्ड कोएत्ज़ी, थ्यूनिस डी ब्रुइन, सारेल एरवी, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोट्र्जे, कैगिसो रबाडा, ग्लेंटन स्टुअरमैन, रासी वैन डेर डूसन, काइल वेरिन और खाया जोंडो।

# चैंपियनशिप चैस टूर फाइनल - भारत के प्रज्ञानन्धा और अर्जुन आएंगे नजर

**सान फ्रांसिस्को ,यूएसए ( निकलेश जैन )**



वर्ष 2022 का चैम्पियन चैस टूर अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँच गया है और पिछले दो वर्षो के मुक़ाबले इस बार भारतीय खिलाड़ियों नें खास तौर पर युवा खिलाड़ियों नें शानदार खेल दिखाया है यही कारण है की इस बार इसके फाइनल टूर्नामेंट में भारत के दो युवा ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्धा और अर्जुन एरिगासी विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन समेत दुनिया के 6 दिग्गज खिलाड़ियों से लोहा लेते नजर आएंगे । प्रतियोगिता में इन तीन खिलाड़ियों के अलावा विश्व कप विजेता पोलैंड के यान डूड़ा ,वितयनम के ले कुयांग लिम ,यूएसए के वेसली सो , अजरबैजान के शाखरियार ममेद्यारोव और नीदरलैंड के अनीश गिरि जगह बनाने में कामयाब रहे है । सभी खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर कुल 7 राउंड होंगे जिसमें बारी बारी सबको सबसे खेलना है । हर राउंड में खिलाड़ियों के बीच कुल चार रैपिड मुक़ाबले खेले जाएँगे । प्रतियोगिता में पहले दिन अर्जुन यान डूड़ा से तो प्रज्ञानन्धा ममेद्यारोव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे ।

प्रतियोगिता की कुल पुरुष्कार राशि 2 लाख 10 हजार यूएस डॉलर होगी ।

## आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में विराट और सूर्यकुमार को भी मिली जगह

**मेलबर्न।** टी20 विश्वकप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टीम ऑफ द टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में नहीं पहुंची टीमों के खिलाड़ियों को भी जगह मिली। 11 खिलाड़ियों में से 4 खिताब विजेता इंग्लैंड के हैं। इसके अलावा उपविजेता पाकिस्तान के दो और इतने ही खिलाड़ी भारत के शामिल हैं। वहीं जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के एक-एक खिलाड़ी को इस टीम में जगह मिली है। इस टीम में सलामी बल्लेबाजों के रूप में इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स और जोस बटलर को जगह मिली। वहीं, नंबर-3 पर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली शामिल हैं। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव जबकि पांचवें नंबर पर न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स हैं। बतौर ऑलराउंडर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और पाकिस्तान के लेग स्पिनर शादाब खान को भी इस टीम में जगह मिली है। वहीं, 8वें स्थान पर इंग्लैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर सैम करेन हैं। करेन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। 9वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाल एनरिक नॉर्किया, 10वें नंबर पर इंग्लैंड के मार्क वुड और चोट के बाद वापसी करने वाले पाकिस्तानी पेसर शाहीन शाह अफरीदी 11वें नंबर हैं। इस टीम के 12वें खिलाड़ी भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या हैं.

**आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट:** एलेक्स हेल्स, जोस बटलर (कप्तान/विकेटकीपर), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ग्लेन फिलिप्स, सिकंदर रजा, शादाब खान, सैम करेन, एनरिक नॉर्किया, मार्क वुड, शाहीन शाह अफरीदी, हार्दिक पंड्या ( 12वें खिलाड़ी।

## वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहेंगे

**मेलबर्न ।(एजेंसी)**



ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि वह अब लंबे प्रारूप से संन्यास लेने जा रहे हैं। वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है हालांकि, इस टी20 विश्व कप में वह विफल रहे हैं। वार्नर का कहना है कि अब वह आगामी एकदिवसीय विश्व कप और टी20 विश्व कप पर ध्यान देना चाहेंगे। वॉर्नर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर कहा, 'टेस्ट क्रिकेट शायद पहला फॉर्मेट होगा जिसे मैं अलविदा कहूंगा। शायद लंबे प्रारूप में ये मेरे आखिरी 12 महीने हो सकते हैं हालांकि टेस्ट क्रिकेट मुझे काफी पसंद है पर टी20 विश्व कप और एकदिवसीय विश्व कप मेरी योजना का हिस्सा हैं।

टी20 क्रिकेट मुझे काफी पसंद है और 2024 में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना चाहूंगा।' वॉर्नर ने टेस्ट क्रिकेट में कुल 96 मैच खेले हैं जिसमें 46.5 के शानदार औसत से 7817 रन बनाए हैं जिसमें 24 शतक और 34 अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। 36 वर्षीय इस बल्लेबाज का टेस्ट क्रिकेट में बेस्ट स्कोर 335 रन है जो पाकिस्तान के खिलाफ 2019 में आया था।

## डेथ ओवरों में पाक बल्लेबाजों ने गलती की : फ्लेमिंग



**मेलबर्न ।** आईसीसी टी20 विश्वकप के खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान की हार पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि डेथ ओवरों में पाक बल्लेबाजों का रुख ठीक नहीं था। इसलिए टीम पर्याप्त रन नहीं बना पायी। अंतिम ओवरों में पाक टीम के बल्लेबाजों ने कई गलतियां कीं। फ्लेमिंग ने कहा कि पाक का स्कोर 16 ओवर में 4 विकेट पर 121 रन था। उस विकेट में जहां उछाल, गेंद की मुवमेंट और टर्न था। वहां 165 स्कोर वास्तव में बचाव के लिए अच्छा रहता पर टीम के बल्लेबाज अंतिम ओवरों में रन बटोरने में विफल रहे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सैम करेन और लेग स्पिनर आदिल राशिद ने पाक बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया। इससे वह बिखर गयी और 137 रन ही बना पायी। करेन ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं राशिद ने मध्य के ओवरों में रन गति रोक दी। इन दोनो ने ही 25 डॉट गेंद डाली।

### रोनाल्डो का बड़ा बयान, कहा-

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने धोखा दिया

**लंदन । (एजेंसी)**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक टीवी साक्षात्कार में मैनचेस्टर यूनाइटेड और कोच एरिक टेन हैग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें लग रहा है कि क्लब ने उन्हें धोखा दिया और उसके सीनियर अधिकारियों ने उन्हें बाहर करने का प्रयास किया। यह साक्षात्कार इस सप्ताह ब्रिटेन के 'टॉक टीवी' पर प्रसारित किया जाएगा लेकिन विश्वकप से पहले यूनाइटेड के अंतिम मैच से पूर्व इसकी कुछ क्लिप रविवार को जारी की गई। रोनाल्डो को लगातार दूसरे मैच से बाहर रखा गया और क्लब ने कहा कि उन्हें कोई अज्ञात बीमारी है लेकिन पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर की टिप्पणी से कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने क्लब की तरफ से अपना अंतिम मैच खेल लिया है। रोनाल्डो से 'पियर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड' कार्यक्रम के दौरान पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है यूनाइटेड के कुछ शीर्ष अधिकारी उन्हें बाहर करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हां, केवल कोच ही नहीं बल्कि क्लब के तीन-चार अन्य अधिकारी भी। मैं ऐसा महसूस कर रहा हूं जैसे मुझे धोखा दिया गया।' पुर्तगाल के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी से फिर पूछा गया के क्या क्लब के सीनियर अधिकारी उन्हें बाहर करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा, 'मैं परवाह नहीं करता। लोगों को सच सुनना चाहिए। हां, मैं ठगा हुआ सा महसूस कर रहा हूं और मुझे लगता है कुछ लोग नहीं चाहते कि मैं यहां रहूं। इस साल ही नहीं बल्कि पिछले साल भी।' रोनाल्डो इस सत्र में यूनाइटेड की शुरूआती एकादश से अंदर-बाहर होते रहे और पिछले महीने टोटेनहैम के खिलाफ उन्होंने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उन्हें चेल्सी के खिलाफ मैच के लिए टीम में नहीं चुना गया था। रोनाल्डो ने टेन हैग के साथ संबंधों के बारे में कहा, 'मैं उसका कोई सम्मान नहीं करता क्योंकि वह भी मेरा सम्मान नहीं करता है। अगर आप मेरा सम्मान नहीं करते हैं तो फिर मैं भी कभी आपका सम्मान नहीं करूंगा।'





# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें।

## ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

### आवश्यक सामग्री

शुगर – 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल– 1 बड़ा चम्मच

### हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15–20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 –20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



## नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

### आवश्यक सामग्री

शहद – 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल – 1 बड़ा चम्मच

### बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े–गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ–साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह–तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ–ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए। 'मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा–सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का–सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का–सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ–सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी–छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग–धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का–सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें इससे उसकी धूल–मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

## 11 साल के ब्रिटिश लड़के ने आइंस्टीन व हॉकिंग को भी पीछे छोड़, आईक्यू टेस्ट में 162 स्कोर हासिल किया

लंदन। 11 साल के एक ब्रिटिश लड़के ने दुनिया के सबसे बड़े जीनियस अल्बर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, इंग्लैंड के युसूफ शाह ने मेन्सा आईक्यू टेस्ट में 162 का उच्चतम संभव स्कोर अर्जित किया। ऐसा अनुमान है कि आइंस्टीन और हॉकिंग का आईक्यू 160 के करीब था। लीड्स के छठे-ग्रेडर ने यॉर्कशायर इवनिंग पोस्ट से बात करते हुए बताया कि स्कूल में हर कोई सोचता है कि मैं बहुत स्मार्ट हूं, और मैं हमेशा यह जानना चाहता था कि क्या मैं परीक्षा देने वाले शीर्ष 2 फीसदी लोगों में था। रिपोर्ट के मुताबिक विग्टन मूर प्राइमरी स्कूल के छात्र शाह ने टेस्ट में सफलता हासिल की। परिवार ने नंदो के पुर्तगाली शैली के चिकन के साथ जश्न मनाया। शाह और उसके माता-पिता ने तय किया था कि वह हाई-स्कूल के आवेदनों की तैयारी करते समय मेन्सा परीक्षा की तैयारी करेंगे, जिसमें समान सामग्री शामिल थी। उनके पिता इरफान शाह ने बताया, तैयारी करने के लिए यह एक कठिन परीक्षा है। हमने वही किया जो हम पहले से कर रहे थे - आईक्यू टेस्ट के लिए कुछ खास नहीं। मैं अब भी उससे कहता हूं कि तुम्हारे डैडी अब भी तुमसे ज्यादा स्मार्ट हैं। हम इसे हल्के दिल से लेते हैं। यहां तक कि अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आपको सबसे कठिन कार्यकर्ता बनना होगा। परीक्षा के एक पार्ट दौरान, यूसुफ को बताया गया कि उसके पास 3 मिनट में उत्तर देने के लिए 15 प्रश्न हैं, लेकिन उसने गलती से इसे 13 मिनट के भीतर सुन लिया था और इसलिए प्रश्नों का उत्तर देने में अपना समय लिया। इसके बावजूद, यूसुफ ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## 18 निहत्थे प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या के एक सप्ताह बाद अब्दोलहामिद का खुलासा, वे न्याय चाहते हैं

तेहरान। इस्लाम से प्रेरित देश के सत्तारूढ़ शासन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रदर्शनकारियों के समर्थन में अब्दुलहामिद इस्माइल-जई नामक ईरानी सुन्नी मौलवी का भी समर्थन मिला है। अब्दुलहामिद (75) एक प्रसिद्ध मुस्लिम मौलवी हैं, जिनका देश की बलूच आबादी पर आध्यात्मिक और राजनीतिक प्रभाव है। उन्होंने देश के बलूच दक्षिणपूर्व में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मद्देनजर ईरानी शासन पर निशाना साधा है। बलूच क्षेत्र के कई शहरों में शासन के बंदूकधारियों द्वारा कम से कम 18 निहत्थे प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक सप्ताह बाद अब्दोलहामिद ने खुलासा किया कि शासन के अंदरूनी लोगों ने मृतकों के परिवारों को शांत रहने के लिए पैसे की पेशकश की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया, उन्होंने कहा इसके बजाय वे न्याय चाहते हैं। अब्दोलहामिद ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य में हमें आजादी नहीं है। आजादी कहाँ है? कहां है प्रेस की आजादी? कहां है अभिव्यक्ति की आजादी? सब कुछ सेंसर है। सब कुछ प्रतिबंधित है। ईरान में अधिकांश लोगों को आपत्ति है और इसलिए शासन के नेताओं को उनकी बात सुननी चाहिए। 22 वर्षीय ईरानी महिला महसा अमिनी की मौत के बाद सितंबर में ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। कथित तौर पर महिलाओं के लिए इस्लामिक ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में नैतिकता पुलिस द्वारा तेहरान में गिरफ्तारी के 3 दिन बाद महसा की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। ईरान की रिवोल्यूशनरी अदालत ने देश में लगातार जारी अशांति के बीच एक सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी को मृत्युदंड और 5 अन्य लोगों को कारावास की सजा सुनाई है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। देश में पिछले कुछ हफ्तों से जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए गिरफ्तार लोगों के खिलाफ जारी मुकदमों में संभवत- पहली बार मौत की सजा दी गई है। ईरान की न्यायपालिका से संबंधित समाचार वेबसाइट मिजान ने बताया कि प्रदर्शनकारी को एक सरकारी भवन में आग लगाने के मामले में मौत की सजा सुनाई गई तथा 5 अन्य लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के उल्लंघन के आरोप में 5 से 10 साल की सजा दी गई है।

## ढाका के सौंदर्यीकरण के लिए विश्व बैंक देगा कर्ज : मुस्तफा कमाल

ढाका। विश्व बैंक दुनिया के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के सौंदर्यीकरण के लिए कर्ज देगा। वित्तमंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ने पत्रकारों को बताया कि विश्व बैंक से मिलने वाले पैसे से 'ढाका की सौंदर्यीकरण' परियोजना को कई चरणों में लागू किया जाएगा। वर्तमान में विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रायसर ढाका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्हें प्रधान मंत्री शेख हसीना और अन्य अधिकारियों के साथ बैठकें करनी हैं। उन्हें विश्व बैंक की मदद से जारी कुछ परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना है। कमाल की घोषणा रायसर के साथ उनकी बैठक के बाद हुई। इसमें वित्त सचिव फातिमा यास्मीन, आर्थिक संबंध विभाग (ईआरडी) सचिव शरीफा खान, विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक गुआंगझे चेन और निवर्तमान निदेशक मर्सी टेम्बन भी शामिल थे। वित्तमंत्री ने कहा कि ढाका के आसपास की नदियों को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त किया जाएगा और विश्व बैंक की मदद से शहर को रहने योग्य बनाया जाएगा। बांग्लादेश ने पिछले महीने वाशिंगटन में हुई विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सालाना बैठक के दौरान कर्ज मांगा था। 22 मिलियन से अधिक की आबादी के साथ ढाका दुनिया के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में से एक है। ढाका के आसपास की नदियां अनुपचारित औद्योगिक प्रवाह, शहरी अपशिष्ट जल, कृषि रसायन, सीवेज जल, तूफान अपवाह, ठोस अपशिष्ट डंपिंग, तेल रिसाव, अवसादन और अतिक्रमण के कारण प्रदूषित हो रही हैं। रंगाई के कारखाने और चर्म शोधनशालाएं प्रदूषण फैलाने में सबसे आगे हैं। बांग्लादेश में नदियों पर अतिक्रमण एक आम बात है। इसके अलावा ढाका में मानव मल से भी पानी प्रदूषित हो रहा है, क्योंकि शहर की 70 प्रतिशत आबादी के पास बेहतर स्वच्छता सुविधाएं नहीं हैं। विकल्पहीनता के कारण नदियों के किनारे रहने वाले लोग प्रदूषित नदी के पानी का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। इससे जलजनित और त्वचा रोग फैलते हैं।

## तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में हुआ धमाका, छह की मौत, 81 घायल

इस्तांबुल। तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल के लोकप्रिय इस्तिकलाल एवेन्यू में रविवार को हुए एक भीषण विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 81 अन्य घायल हो गए। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने इस विस्फोट को एक ''घिनौना हमला'' करार दिया। उन्होंने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। एर्दोआन ने हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वारदात से ''आतंकवाद की बू'' आती है, पर इसकी अभी तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रविवार को इंडोनेशिया रवाना हुए एर्दोआन ने बताया कि हमले में छह लोगों की जान चली गई। तुर्किये के उपराष्ट्रपति फुएट ओक्टे ने बताया कि 81 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि यह एक आतंकवादी हमला प्रतीत होता है। इस्तिकलाल एवेन्यू में रविवार को हुए विस्फोट के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। हालांकि, तुर्किये की मीडिया निगरानी संस्था ने विस्फोट की ''रिपोर्टिंग'' पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इस कदम से प्रसारक विस्फोट के दौरान और उसके बाद के वीडियो नहीं दिखा पाएंगे। रेडियो एवं टेलीविज़न की सर्वोच्च परिषद ने पहले भी हमलों और दुर्घटनाओं के बाद इस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। गौरतलब है कि तुर्किये में 2015 से 2017 के बीच कई बार विस्फोट हुए, जिनमें से कई को इस्लामिक स्टेट और कुर्दिश समूहों ने अंजाम दिया था।

## ट्विटर लेने के बाद मेरा काम काफी बढ़ गया है : एलन मस्क

नुसा दुआ। ट्विटर के नए मालिक और अरबपति एलन मस्क ने सोमवार को बाली में एक व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा आप जो चाहते हैं, उसके लिए सतर्क रहें। उन्होंने कहा मुझे नहीं पता कि कितने लोग वास्तव में मुझे पसंद करेंगे। उन्होंने कहा मैं खुद को 'प्रताड़ित' करता हूं। स्पष्ट रूप से कहूं तो यह अगला स्तर है। मस्क समूह 20 के शिखर सम्मेलन से पहले बी-20 व्यापार मंच को संबोधित कर रहे थे। वह सम्मेलन में वीडियो लिंक के जरिए शामिल हुए। हालांकि, उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस सम्मेलन में भाग लेना था। शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे इंडोनेशिया सरकार के एक मंत्री ने कहा कि मस्क को इस सप्ताह बाद में एक अदालती मामले के लिए तैयारी करनी है। इसलिए वह सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाएंगे।



कोलंबो में श्रीलंकाई सैन्यकर्मी एक समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों को याद करते हुए।

## इमरान की हत्या की साजिश की एफआईआर दर्ज कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची पीटीआई

लाहौर। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पार्टी प्रमुख इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले की साजिश रचने के आरोप में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री और सेना के एक शीर्ष अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिकाएं दायर कीं। इमरान खान (70) पर तीन नवंबर को पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में उस समय गोलीबारी की गई, जब वह पाक सरकार के खिलाफ एक विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। 8 नवंबर को पंजाब पुलिस ने हमलावर नवीद मोहम्मद बशीर को मामले में मुख्य आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पीएम इमरान खान ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पाक गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर ने उनकी हत्या की साजिश रची। अनेक प्रयासों के बाद भी अब तक इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीटीआई नेता और पूर्व मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि लाहौर, इस्लामाबाद, कराची, पेशावर और क्वेटा में सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में याचिकाएं दायर की गई हैं। कुरैशी ने कहा कि इन याचिकाओं का मुख्य उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री खान की हत्या के प्रयास की जांच कराना और तथ्यों को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि खान ने जिन लोगों के खिलाफ आरोप लगाए, उन पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# जी20 शिखर सम्मेलन: रूस-यूक्रेन का मुद्दा रहेगा अहम, कई विश्व नेताओं की बैठकों पर नज़रें

**बाली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया ने करीब एक साल पहले जी20 की अध्यक्षता संभालते हुए ''एक साथ उभरें, मजबूती से उभरें'' का नारा दिया था, जो कि उस समय कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप की मार झेल रही दुनिया के लिए एकदम उपयुक्त था। आज हालांकि रिज़ॉर्ट द्वीप के नुसा दुआ क्षेत्र में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले बसों और होर्डिंग पर छपा यह नारा थोड़ा कम प्रासंगिक प्रतीत हो रहा है। खासकर तब जब रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद विश्व आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और खाद्य तथा ऊर्जा की कमी का संकट मंडरा रहा है।

शिखर सम्मेलन 15-16 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव यहां चर्चा का विषय रहेगा। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सोमवार को होने वाली एक बैठक पर भी सभी की नज़र है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के अगस्त में ताइवान की यात्रा करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और खराब हो गए थे। चीन ने इसे उकसाने वाला कदम करार दिया था और इसके जवाब में स्व-शासित द्वीप के आसपास कई सैन्य अभ्यास किए थे।




बाइडन रविवार देर रात बाली के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां पहुंचेंगे। इस दौरान वह शिखर सम्मेलन के मुख्य सत्रों में हिस्सा लेंगे और कुछ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और इंडोनेशिया में प्रवासी भारतीय के एक सामुदायिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। हालांकि मोदी चीन के राष्ट्रपति शी से मुलाकात करेंगे या नहीं अभी यह स्पष्ट नहीं है। अगर दोनों के बीच मुलाकात होती है तो जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद यह पहली द्विपक्षीय मुलाकात होगी।

दोनों नेताओं ने सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत की थी, लेकिन तब दोनों के बीच कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई थी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुतिन के इस फैसले का पश्चिमी देशों के नेताओं की मंशा पर कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा, जो यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के खिलाफ रूस की खुलकर निंदा करने को तैयार हैं।

रूस को शिखर सम्मेलन में ''खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा'' पर चर्चा के दौरान कड़ी निंदा का सामना करना पड़ सकता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी लंदन से रवाना होने से पहले स्पष्ट कर दिया था, '' जी20 शिखर सम्मेलन इस बार हमेशा की तरह नहीं होगा।'' इंडोनेशिया जी-20 का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत एक दिसंबर से औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। जी-20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## तिब्बत के पठार पर रेडियो टेलीस्कोप का एक बड़ा नेटवर्क, सूर्य से आने वाले रेडियो तरंगों के अध्ययन के लिए चीन तैयार

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में बहुत तेजी से निवेश कर रहा है। तेजी से बढ़ते हुए इन अंतरिक्ष कार्यक्रमों में चीन ने एक और अभियान जोड़ लिया है। इसकी दूरबीनों सूर्य के रहस्यों का पता लगाने के लिए तैयार है। चीन ने तिब्बती पठार पर दाओचेंग सोलर रेडियो टेलीस्कोप (डीएसआरटी) का निर्माण पूरा कर लिया है और इस सुविधा का परीक्षण अगले साल जून में शुरू होने की उम्मीद है। 14 मिलियन डॉलर की अनुमानित लागत से निर्मित, वेधशाला का उपयोग सूर्य का अध्ययन करने और अंतरिक्ष और पृथ्वी के पर्यावरण पर इसके प्रभावों का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

यह छह मीटर चौड़े 313 छतरियों का एक नेटवर्क है जो सूर्य का विस्तार से अध्ययन करेगा। 3.14 किलोमीटर की परिधि के साथ सूर्य का गहराई से अध्ययन कर सकेगा जिसमें कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण का विशेष तौर पर अध्ययन हो सकेगा। टेलीस्कोप को चीनी मेरिडियन प्रोजेक्ट (द्वितीय चरण) नामक ग्राउंड-आधारित अंतरिक्ष पर्यावरण निगरानी नेटवर्क के हिस्से के रूप में विकसित किया गया है। इस परियोजना में मिंगंटू इंटरप्लेनेटरी स्किंटिलेशन टेलीस्कोप भी शामिल है, जिसका मूल्यांकन इनर मंगोलिया में तीन भुजाओं वाली सर्पिल व्यवस्था में 100 व्यंजनों के साथ किया जा रहा है। सामान्यतः कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण की प्रक्रिया तब होती है जब कोई तारा किसी ज्वाला को फेकता है या फिर तारे से अचानक ही विकिरण का कोई चमकीला प्रस्फोट होता है जो सूदूर अंतरिक्ष में फैल जाता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक टेलीस्कोप का उपयोग कोरोना द्रव्य उत्क्षेपण के अध्ययन के लिए होगा और साथ ही सूर्य के ऊपरी वायुमंडल से निकलने वाले चुंबकीय प्लाज्मा की परिघटना का भी अध्ययन किया जाएगा।

## सिख स्वयंसेवक को मिला 'एनएसडब्ल्यू ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर अवार्ड'



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में पगड़ी पहनने और दाढ़ी रखने को लेकर जातिगत और नस्ली टिप्पणियों का सामना करने वाले भारतीय मूल के सिख स्वयंसेवक को बाढ़, जंगल की आग, सूखे और वैश्विक महामारी के दौरान समुदाय की मदद करने के लिए '2023 न्यू साउथ वेल्स ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने उन्हें 'स्थानीय नायक' की श्रेणी में यह पुरस्कार दिया है। इस पुरस्कार की घोषणा 3 नवंबर को की गई थी।

यह पुरस्कार देश की सेवा के महत्व के साथ-साथ समुदाय के सदस्यों की उपलब्धियों को रेखांकित करता है। भारतीय मूल के सिख अमर सिंह (41) ने सात साल पहले 'टर्बन्स 4 ऑस्ट्रेलिया' की स्थापना की थी। यह एक परमार्थ संगठन है जो प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित, विस्थापित और परेशानियों का सामना करने रहे लोगों की मदद करता है। न्यू साउथ वेल्स सरकार की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बहुसंस्कृतिवाद और सामाजिक एकता की वकालत करने वाले सिंह को पगड़ी पहनने और दाढ़ी रखने को लेकर जातिगत टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था। 41 वर्षीय सिंह का मानना है कि दूसरों की मदद करते समय धर्म, भाषा या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि आड़े नहीं आनी चाहिए।

वेस्टर्न सिडनी में 'टर्बन्स 4 ऑस्ट्रेलिया' ने खाद्य संकट का सामना कर रहे लोगों को भोजन तथा अन्य सामान के 450 पैकेट दिए। सूखे की मार झेल रहे किसानों को सूखी घास दी गई, लिस्मोर में बाढ़ प्रभावित लोगों तथा दक्षिणी तट पर जंगल में लगी आग से प्रभावित लोगों को आवश्यक सामान मुहैया कराया गया और कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान पृथक-वास में रह रहे लोगों व अन्य को खाद्य पदार्थ के पैकेट दिए गए। सिंह ने कहा कि मैं अपनी टीम के सभी स्वयंसेवकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने दिन-रात कड़ी मेहनत करके यह उपलब्धि हासिल की, इसका पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है।

## विचारों के स्पष्ट और गहन आदान-प्रदान के लिए हैं तैयार, जिनपिंग से बोले बाइडेन- 'संघर्ष' से बचने की है उम्मीद

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन लगभग दो साल पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद से अपनी पहली व्यक्तिगत बैठक के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात की है। बैठक दो महाशक्तियों के बीच बढ़ते तनाव के समय हो रही है। बहुप्रतीक्षित बैठक इंडोनेशिया में विश्व नेताओं के 20 शिखर सम्मेलन पहले आयोजित की गई है। इस दौरान दोनों ही नेताओं के लिए राजनीतिक रूप से हालिया दिन बेहद महत्वपूर्ण रहे हैं। एक तरफ जहां जो बाइडेन के डेमोक्रेट्स ने सीनेट कब्जा कर लिया, जबकि शी जिनपिंग को सामुदायिक पार्टी के राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा अक्टूबर में तीसरे पांच साल के कार्यकाल से सम्मानित किया गया।

शी जिनपिंग ने कहा कि वह जो बाइडेन के साथ 'स्पष्ट और विचारों के गहन आदान-प्रदान' के लिए तैयार हैं। शी जिनपिंग ने कहा कि चीन अमेरिका-चीन संबंधों को 'उन्नत' करने का लक्ष्य बना रहा है। वहीं जो बाइडेन ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से आपके और मेरे बीच संचार की लाइनें खुली रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमारे दोनों देशों के पास इतना कुछ है कि हमारे पास इससे निपटने का अवसर है।

बाइडेन ने कहा कि दोनों राष्ट्रों के नेता के रूप में जहां मेरे विचार से यह दिखाने की जिम्मेदारी है कि चीन और अमेरिका आपसी मतभेदों को प्रबंधित कर सकते हैं, प्रतिस्पर्धा को संघर्ष बनने से रोक सकते हैं और तत्काल, वैश्विक मुद्दों पर एक साथ काम करने के तरीके खोज सकते हैं जिनके लिए हमारे आपसी सहयोग की आवश्यकता है।



## रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अस्पताल में भर्ती! मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया फेक न्यूज़

जिनेवा। इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही है। इस बैठक में जी-20 के सदस्य देश शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए बाली पहुंचे हैं। इन सबके बीच खबर यह आई है कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की वजह से अस्पताल ले जाया गया है। इतना ही नहीं, दवा यह भी किया गया है कि सर्गेई लावरोव का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दावा किया गया है सर्गेई लावरोव को हृदय संबंधी परेशानी की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि इसको लेकर न्यूज़ एजेंसी रॉयटर्स की ओर से भी एक खबर आई है। रूस के विदेश मंत्रालय के मुताबिक रॉयटर्स ने दावा किया कि यह बिल्कुल फर्जी खबर है। रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को अस्पताल ले जाने की मीडिया रिपोर्ट 卐नकली卐 थी। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा, 卐बेशक, यह बनावटीपन की पराकाष्ठा है।卐 आपको बता दें कि इंडोनेशिया ने करीब एक साल पहले जी20 की अध्यक्षता संभालते हुए ''एक साथ उभरें, मजबूती से उभरें'' का नारा दिया था, जो कि उस समय कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप की मार झेल रही दुनिया के लिए एकदम उपयुक्त था। रूस-यूक्रेन संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव यहां चर्चा का विषय रहेगा। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सोमवार को होने वाली एक बैठक पर भी सभी की नज़र है।




# जयशंकर ने ब्लिंकन से मुलाकात की, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को यहां अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों, रूस-यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा, जी-20 तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच संभावित बैठक से कुछ दिन पहले हुई। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर हुई।

जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यहां आए हैं, जो आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। जयशंकर और ब्लिंकन की मुलाकात 15-16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी और बाइडन के बीच संभावित द्विपक्षीय वार्ता से कुछ दिन पहले हुई है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यूक्रेन, हिंद-प्रशांत, ऊर्जा, जी20 और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।''

ब्लिंकन ने ट्वीट किया, ''हमारी साझेदारी का विस्तार करने और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के प्रभावों को कम करने के लिए जारी प्रयासों पर चर्चा करने के लिए मैंने आज नोम पेन्ह में आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। अमेरिका, भारत के जी-20 की अध्यक्षता करने का समर्थन करता है।'' ब्लिंकन के साथ जयशंकर की मुलाकात मंगलवार को मास्को में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक और शनिवार को यहां यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ बातचीत के बाद हुई।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच उपयोगी और बहुत व्यावहारिक संबंध हैं। सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि राष्ट्रपति बाइडन के पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी व्हाइट हाउस आये थे और उन दोनों के बीच कई बार व्यक्तिगत मुलाकात तथा फोन और वीडियो कॉल पर बातचीत हुई है।''

उन्होंने कहा कि दोनों नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर समान हित देखते हैं और अमेरिका-



भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए वास्तव में मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा, ''जब आप उन सभी चीजों को जोड़ते हैं, तो यह एक उपयोगी, बहुत व्यावहारिक संबंध होता है।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन इस साल जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए उत्सुक हैं।'' भारत अगले साल जी-20 की अध्यक्षता करेगा और उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के नयी दिल्ली की यात्रा करने की संभावना है।

## मुंबई में बढ़ रहा खसरे का प्रकोप, अबतक 740 बच्चों में दिखे लक्षण, तीन की मौत

मुंबई। मुंबई में खसरा फैल गया है. यहां 740 संदिग्ध बाल रोगियों का पता चला है. जानकारी के मुताबिक, खसरे के लक्षण मुंबई के देवनार, गोवंडी इलाकों में 50 बच्चों में दिखाई दिए हैं. उसके बाद उन्हें कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इसके अलावा यहां 109 बच्चे संक्रमित हुए हैं. खसरे से अभी तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है. आपको बता दें कि समान लक्षणों वाले बच्चों को भर्ती करने के लिए मनपा के कस्तूरबा अस्पताल में विशेष वार्ड बनाया गया है. खसरे का प्रकोप बढ़ने से लोगों के बीच हड़कंप मचा है. उधर मनपा का स्वास्थ विभाग खसरे पर काबू पाने की हर संभव कोशिश में जुटी है.

## गुजरात के मुसलमानों में ओवैसी से ज्यादा भाजपा लोकप्रिय, 47 प्रतिशत कांग्रेस के साथ

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के आडे गिनती के दिन रह गए हैं और सियासी हलचल तेज हो गई है। अबकी बार गुजरात में भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना तय है। गुजरात में 1 दिसंबर को पहले चरण में 89 सीटों पर और 5 दूसरे चरण के चुनाव में 93 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव से पहले विभिन्न एजेंसियां सर्वे कर जनता का मिजाज जानने का प्रयास कर रही हैं। गुजरात विधानसभा की 182 सीटों में से 117 पर 10 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम वोटर हैं। इन सर्वे में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। आप और एआईएमआईएम की गुजरात चुनाव में एन्ट्री के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। इन पार्टियों के गुजरात आने से कांग्रेस को बड़ा नुकसान होता नजर आ रहा है। आगामी चुनाव में कांग्रेस को 47 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिलने की संभावना है। जबकि अब तक कांग्रेस को 80 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिलते थे। जबकि आप को 25 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिल सकते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि गुजरात के मुसलमानों में ओवैसी से ज्यादा लोकप्रिय भाजपा है। भाजपा को चुनाव में 19 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिल सकते हैं। जबकि खुद को मुसलमानों को सबसे बड़े हिमायती बताने वाले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की पार्टीको केवल 9 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिलने की संभावना विभिन्न सर्वे में सामने आई है। 44 प्रतिशत लोग ओवैसी को गुजरात चुनाव में बड़ा फैक्टर मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत इसे खास नहीं मानते। जबकि 31 प्रतिशत लोग ओवैसी को कोई फैक्टर ही नहीं मानते।

## आबकारी घोटाले की जांच से जुड़े प्रेस बयान कोर्ट में पेश करें सीबीआई एवं ईडी : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को निर्देश दिया कि वे दिल्ली के कथित आबकारी घोटाला मामले की जांच के संबंध में उनके द्वारा प्रेस को जारी बयानों एवं विज्ञप्तियों को पेश करें। इस मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं व्यापारी विजय नायर भी आरोपी हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने व्यापारी विजय नायर की अर्जी पर यह आदेश जारी किया है। विजय नायर ने दावा किया है कि जांच एजेंसी इस मामले के संबंध में संवदेनशील सूचनाएं मीडिया को लीक कर रही हैं, जिससे बतौर आरोपी उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने कहा इस मामले में आगे बढ़ने से पहले अदालत प्रतिवादी नंबर एक (सीबीआई) और प्रतिवादी नंबर दो (ईडी) से उनके द्वारा इस आपराधिक मामले की जांच के सिलसिले में प्रेस को जारी किये गये सभी बयानों एवं विज्ञप्तियों को पेश करने का अनुरोध करती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 नवंबर की तारीख तय की है। अदालत ने कहा कि वह जांच एजेंसी द्वारा जारी किये गये आधिकारिक बयानों व विज्ञप्तियों पर गौर करेगी तथा परखेगी कि टेलीविजन चैनलों ने इस मुद्दे पर जो खबरें चलायीं वे उन बयानों व विज्ञप्तियों पर आधारित थीं या उनकी 'कल्पना की उड़ान' थीं। नायर कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली एक कंपनी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी हैं। उनकी ओर से पेश वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन ने दलील दी कि यदि कोई समाचार समूह कल्पना के आधार पर चीजें फैला रहा है तो यह खतरनाक है। इस पर न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा तब, यह हमारे लिए खतरे की घंटी है। कृष्णन ने कहा कि यह मामला सुनवाई के अहम पड़ाव पर है तथा जब उससे जुड़ी चीजें मीडिया में आती हैं तो उनके (उनके मुवक्किल के) अधिकारों का पूरी तरह हनन होता है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा यह खुलासा तत्काल, प्राइम टाइम या दिन में कभी भी किया जा रहा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार दिल्ली के सत्तारूढ़ दल आप से संबद्ध नायर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची तथा उस साजिश के तहत दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति बनायी गयी एवं उसे लागू किया गया।

## आरपीएफ जवान की फुर्ती से बची बच्ची की जान, सोशल मीडिया पर जमकर हो रही तारीफ

कोच्चि। केरल के तिरूर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान की त्वरित सोच और कार्रवाई ने एक बच्ची की जान बचा ली। घटना शुक्रवार की है जब बच्ची चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। आरपीएफ इंडिया द्वारा ट्वीट किए गए वीडियो में एक जवान प्लेटफॉर्म पर खड़ा दिखाई दे रहा है। जबकि प्लेटफॉर्म से ट्रेन गुजर रही है। वीडियो में एक बच्ची ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करती दिख रही है। लेकिन ट्रेन की रफ्तार पकड़ते ही वह फिसल कर प्लेटफॉर्म पर गिर जाती है। गनीमत रही कि आरपीएफ जवान ने चंद सेकंड में ही बच्ची को पकड़ लिया और सुरक्षित निकाल लिया। जवान की पहचान हेड कांस्टेबल सतीश के रूप में की गई है। वीडियो को आरपीएफ इंडिया ने शेयर करते हुए लिखा अलर्ट हैशटैगआरपीएफ हेड कांस्टेबल सतीश ने तेजी से कार्रवाई की और एक बच्ची को ट्रेन के पहियों के नीचे जाने से बचाया, जब वह तिरूर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में दौड़ते हुए चढ़ने की कोशिश करते समय गिर गई थी। सोशल मीडिया पर जवान सतीश की त्वरित कार्रवाई के लिए लोगों ने प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया। एक यूजर ने आरपीएफ की तारीफ करते हुए लिखा अब मुझे समझ में आया कि क्यों आरपीएफ के जवान स्टेशनों पर आने और जाने वाली ट्रेनों पर कड़ी नजर रखते हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा बहुत अच्छा किया, डियर। एक यूजर ने अधिकारी को आशीर्वाद दिया और लिखा अच्छा किया सर, आपने अपने पेशे की गरिमा को बरकरार रखा है। बच्ची को निकट मृत्यु से बचाने के इस अद्भुत कार्य के लिए हम आपको सलाम करते हैं। भगवान आपको और आपके परिवार को आशीर्वाद दे।

## विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे 3 संदिग्धों में दो मुस्लिम, पूछताछ में जुटी सुरक्षा एजेंसियां

वाराणसी। ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के बीच बाबा विश्वनाथ के दरबार में रविवार को सतर्क सुरक्षा बलों की निगाह 3 संदिग्ध लोगों पर पड़ी तो उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि उनमें से दो लोग मुस्लिम हैं, इसके बाद उन्हें आगे की पूछताछ के लिए सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया गया। इसके साथ ही बाबा के दरबार में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। बाबा विश्वनाथ के दरबार में जवानों को युवकों की गतिविधियों पर संदेह हुआ तो उन्होंने उन्हें रोककर पूछताछ शुरू की। उनमें से दो ने मुश्लिम होना स्वीकार किया तो सुरक्षा बलों के होश उड़ गए। युवाओं ने प्रारंभिक पूछताछ में खुद को झारखंड के एक ही गांव का निवासी बताया है और कहा है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि मंदिर में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक है। हालांकि, सुरक्षा दस्?तों ने उनको निगरानी में लेते हुए उनके बारे में पड़ताल शुरू कर दी है। उनके घर से पुष्टि करने के साथ ही उनके दस्?तावेजों और फोन सहित अलग-अलग तरीके से पूछताछ करने के बाद संतुष्ट होने पर ही सुरक्षा एजेंसियां उन्हें मुक्त करेंगी। पुलिस ने बताया कि तीनों दोस्त हैं व गिरीडीह, झारखंड के निवासी है। इनमें एक हिंदू है, जबकि दो मुस्लिम हैं। सभी बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने मंदिर में जा रहे थे। इस बीच सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने संदेह होने पर उन्हें रोका और पूछताछ की तो पता चला कि इनमें से दो मुसलमान हैं। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ आए हैं। उन्हें मंदिर में मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर जानकारी नहीं है। उनको अजमेर जाना था। हिंदू दोस्त ने मंदिर में दर्शन करने की इच्छा जताई थी, इसलिए सभी चले आए। उनके पास से कोई आपत्तिजनक चीज भी नहीं मिली है।

# दुनिया की आबादी 1 दिन बाद 8 अरब हो जाएगी, एक रिपोर्ट से ड्रैगन क्यों हुआ बेचैन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस सप्ताह एक बच्चे का जन्म होगा और वो इस पृथ्वी का आठ अरबवां व्यक्ति होगा। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि बच्चे का जन्म मंगलवार को होगा। दुनिया की तेजी से बढ़ती आबादी के साथ चीन में जनसंख्या वृद्धि धीमी हो रही है। एसबीएस न्यूज चीन में एक तीन पीढ़ी के परिवार की रूपरेखा तैयार करता है, जो इस बात पर चर्चा करते हैं कि बच्चे पैदा करने का उत्साह क्यों कम हो रहा है। एक विशेषज्ञ जो देश के लिए व्यापक जनसांख्यिकीय चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 तक भारत आबादी के मामले में चीन से आगे निकल जाएगा. वहीं, इस दौरान चीन में कम बच?चे पैदा होने का अनुमान लगाया गया है. इस वजह से चीन की टेंशन बढ़ गई है।

चीन सरकार ने परिवार नियोजन के नियमों में ढील देने की घोषणा कुछ वर्ष पहले ही की है। अब चीन में दंपती तीन बच्चे पैदा कर सकते हैं। सत्तारूढ़ दल के पोलित ब्यूरो की हुई बैठक में तय किया गया कि ''चीन बुजुर्ग होती आबादी से सक्रिय रूप से निबटने के लिए प्रमुख नीतियां और उपाय लाएगा।'' रिपोर्ट में कहा गया कि पार्टी के नेताओं ने ''कहा कि जन्म देने की आयु सीमा में ढील देने जिसके तहत दंपति तीन बच्चों को भी जन्म दे सकते हैं, इसके अनुकूल नीतियों में बदलाव करने तथा इससे जुड़े अन्य कदम उठाने से चीन के आबादी संबंधी ढांचे को बेहतर बनाया जा सकता है।''

गौरतलब है कि चीन की सरकार की तरफ से 20 मई को जनसंख्या के आंकड़े जारी किए गए थे। जिसके मुताबिक पिछले दशक में चीन में बच्चों के पैदा होने की रफ्तार का औसत सबसे कम था। आंकड़ों में बताया गया कि 2011 से 2020 के बीच चीन की जनसंख्या वृद्धि दर 5.38 प्रतिशत रही। 2010 में यह 5.84 प्रतिशत थी।

## जम्मू-कश्मीर में 500 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा कर अल्ताफ बुखारी ने चला बड़ा राजनीतिक दाँव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की आहट होते ही सियासी दलों ने अपनी अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में जनसभाओं और रैलियों का आयोजन भी बड़ी संख्या में किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी ने भी श्रीनगर में एक जनसभा आयोजित की जिसमें पार्टी प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने कहा कि उनकी पार्टी अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली के लिए उच्चतम न्यायालय में कानूनी लड़ाई के वास्ते देश के बेहतरीन वकीलों की सेवा लेगी। बुखारी ने शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा भी बहाल करने की भी मांग की।

जम्मू कश्मीर में तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की पैरवी करते हुए उन्होंने कहा कि इस जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी केंद्र के लिए संदेश है कि वे अपनी निर्वाचित सरकार एवं पहचान चाहते हैं। बुखारी ने कहा कि उनकी पार्टी एक टीम गठित करेगी, जो जेलों में बंद युवकों और उनके विरुद्ध दर्ज मामलों के बारे में ब्योरा जुटाने के लिए जम्मू-कश्मीर एवं बाहर की जेलों में जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्योरा जुटाने के बाद उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलेगी तथा इन युवकों की रिहाई की मांग करेगी। उन्होंने कहा, %%हम चाहते हैं कि इन युवकों को नये सिरे से जिंदगी शुरू करने का मौका मिले।'' साथ ही उन्होंने वादा किया कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाये जाएंगे। इसके अलावा बुखारी ने एक बड़ा वादा करते हुए कहा, ''हम गर्मी के महीनों में जम्मू में तथा सर्दियों में कश्मीर में 500 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे।''

## ज्ञानवापी मामला : वाराणसी की अदालत ने 'शिवलिंग' पूजा की मांग वाली याचिका पर फैसला 17 नवंबर तक टाला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फास्ट-ट्रैक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर पाए गए 'शिवलिंग' की पूजा की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला 17 नवंबर तक के लिए टाल दिया है। सहायक जिला सरकारी वकील सुलभ प्रकाश ने कहा कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) महेंद्र पांडे ने 17 नवंबर तक फैसला टाल दिया। विवाद के दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 27 अक्टूबर को 8 नवंबर के लिए मुकदमे पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। चूंकि जज 8 नवंबर को छुट्टी पर थे, इसलिए मामले को सोमवार के लिए पोस्ट कर दिया गया।

विश्व वैदिक सनातन संघ के महासचिव वादी किरण सिंह ने 24 मई को वाराणसी जिला अदालत में मुकदमा दायर कर ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने, परिसर को सनातन संघ को सौंपने और शिवलिंग' की पूजा करने की अनुमति देने की मांग की थी। 25 मई को जिला जज एके विश्वेश ने वाद को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त, अंजुमन इंतेज़ामिया समिति, जो ज्ञानवापी मस्जिद के मामलों का प्रबंधन करती है, और विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को वाद में प्रतिवादी बनाया गया था।


26 अप्रैल को एक निचली अदालत (सिविल जज-सीनियर डिवीजन) जो पहले मस्जिद की बाहरी दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों की दैनिक पूजा की अनुमति मांगने वाली महिलाओं के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, ने एक वीडियोग्राफिक सर्वेक्षण का आदेश दिया था ज्ञानवापी परिसर। हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि कवायद के दौरान मस्जिद परिसर के अंदर एक 'शिवलिंग' मिला था।

## तेजी से पारदर्शी निर्णय लेना युद्ध की तैयारी के लिए जरूरी : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि तेजी से पारदर्शी निर्णय लेना और सर्वोत्तम संसाधनों की उपलब्धता देश की युद्ध की तैयारी के लिए जरूरी है। रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) द्वारा आयोजित 'कंट्रोलर्स कॉन्फ्रेंस 2022' में रक्षा मंत्री ने कहा कि फैसले करने में देरी से समय व धन की हानि होती है और युद्ध की तैयारी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में संसाधन सीमित हैं। उन्होंने उनका उपयोग करने में आर्थिक क्षेत्र की समझ पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संसाधनों का इस्तेमाल सही स्थान पर होना चाहिए और उन्हें बिल्कुल भी बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने कहा एक रुपया बचाने पर आप एक रुपया कमाते हैं, यह संसाधनों के मामले में पूरी तरह लागू होता है। आपको पता है कि किसी देश की युद्ध की तैयारी के लिए न केवल सर्वोत्तम संसाधनों का उपलब्ध होना जरूरी है, बल्कि तेजी से पारदर्शी फैसले करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि फैसला करने में विलंब होगा तो युद्ध की तैयारी में भी कुछ कमी रह जाएगी।

## जबरन धर्म परिवर्तन बेहद ही गंभीर मुद्दा, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा- मामले में दखल देकर रोक लगाने के लिए करें प्रयास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनावी जबरन धर्मांतरण को एक ÷बहुत गंभीर÷ मुद्दा करार देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र से इस प्रथा को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जबरन धर्मांतरण एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है और जहां तक धर्म का संबंध है, नागरिकों की अंतरात्मा की स्वतंत्रता के साथ-साथ देश की सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी और धोखे से धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र से अपना रुख स्पष्ट करने और हलफनामा दाखिल करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की है।

जस्टिस एम आर शाह और हिमा कोहली की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे प्रलोभन के माध्यम से इस प्रथा को रोकने के उपायों की गणना करें। यह बहुत ही गंभीर मामला है। जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए केंद्र की ओर से गंभीर प्रयास किए जाने हैं। नहीं तो बहुत विकट स्थिति आ जाएगी। हमें बताएं कि आप किस कार्रवाई का प्रस्ताव करते हैं....आपको आगे आना होगा।

शीर्ष अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र और राज्यों को 'धमकाने, धमकी देने, धोखे से उपहार और मौद्रिक लाभों के माध्यम से प्रलोभन' देकर फर्जी धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## 'कुछ लोग बंगाल के विरूद्ध रच रहे साजिश', ममता बोलीं- हमारा स्वाभिमान सबसे महत्वपूर्ण, इसे नहीं छीनने देंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रहती हैं। वे दिल्ली के बहाने भाजपा पर भी जबरदस्त तरीके से निशाना साधती हैं। इन सब के बीच आज ममता बनर्जी ने एक बार फिर से दावा किया है कि कुछ लोग बंगाल को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल के विरुद्ध साजिश रची जा रही है। साथ ही साथ तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए उनका स्वाभिमान महत्वपूर्ण है। हम इसे किसी को छीनने नहीं देंगे। अपने बयान में ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग बंगाल में बैठकर खा रहे हैं और साजिश कर रहे हैं और दिल्ली को कह रहे हैं कि बंगाल को पैसा मत दो। मुझे दिल्ली का पैसा नहीं चाहिए।

ममता ने दावा किया कि बंगाल अपने पैरों पर खड़ा होने में सक्षम है। हमारा स्वाभिमान हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है, हम दिल्ली को इसे नहीं छीनने देंगे। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के बीच कहा कि जिन्होंने गलतियां की हैं उन्हें गलतियां सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि कोई किसी गड़बड़ी में लिप्त है तो कानून अपना काम करेगा। लेकिन (यहां तो) मीडिया ट्रायल चल रहा है। ममता ने कहा कि राज्य के विरूद्ध एक साजिश रची जा रही है। उसके तहत सरकार एवं तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले ममता बनर्जी ने अधिकारियों से कहा था कि कुछ लोगों की बंगाल में दिसंबर में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश है। इस पर निगाह रखें।

ममता बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा था कि पश्चिम बंगाल को बांटने की साजिश हो रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि किसी भी कीमत पर वह बंगाल का विभाजन नहीं होने देंगी।बनर्जी ने कहा था कि भाजपा राज्य के उत्तरी हिस्सों में राजबंशी और गोरखाओं को भड़काकर पश्चिम बंगाल में अलगाववाद को बढ़ावा दे रही है। हम पश्चिम बंगाल का विभाजन कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा था कि 2019 में, देश की राजनीतिक स्थिति अलग थी, भाजपा बिहार, झारखंड और कई अन्य राज्यों में सत्ता में थी। लेकिन अब, देशभर में इसकी राजनीतिक मौजूदगी कम हो गई है, यह अब कई राज्यों में सत्ता में नहीं है।

## पीएम मोदी के भाई ने कहा – गुजरात में भाजपा और कांग्रेस को छोड़ अन्य कोई नहीं चलेगा

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि गुजरात में भाजपा और कांग्रेस अन्य कोई राजनीतिक दल कामियाब नहीं होगा। माना जा रहा है कि प्रहलाद मोदी ने आप को लेकर यह बयान दिया है। उन्होंने गुजरात में तीसरे विकल्प का कभी खाता तक नहीं खोला और अब तो राज्य में एक मात्र विकल्प है भाजपा। गुजरात में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं बचा है और भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस और भाजपा ने ही शासन किया है। यहां कभी भी तीसरे विकल्प को जनता ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को अपना पसंदीदा प्रधानमंत्री दिया है और यही कारण है कि जनता बार बार कहती है आगामी वर्ष 2024 में भी देश में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रहलाद मोदी ने यह बयान सराई चंदेल गांव में दिया, जहां वे निजी कार्य से गए थे। सराई चंदेल गांव में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रहलाद मोदी का शानदार स्वागत किया। अपने मित्र और भाजपा नेता सुमित सिंह से मिलने प्रहलाद मोदी ने उनके घर गए थे। जहां उन्होंने कहा कि मैंने काफी समय पहले सुमित सिंह को उनके घर आने का वादा किया था, जो आज पूरा किया है।

# गुजरात की भाजपाई बगावत को रोकने शाह ने संभाला मोर्चा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भाजपा को गुजरात की 40 से अधिक विधानसभा सीटों में बगावत की स्थिति से जूझना पड़ रहा है। भाजपा के पूर्व विधायक स्थानीय नेताओं ने अधिकृत उम्मीदवारों के विरोध में बिगुल बजा दिया है। गुजरात के नेता बगावतियों को मनाने में असफल साबित हुए। जिसके कारण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुजरात पहुंचकर बागियों को मनाना पड़ रहा है।

**टेलीफोन बंद बागी गायब**

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए जिन भाजपा नेताओं ने बगावत की है। उन्होंने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए हैं। वह मिल भी नहीं रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनके फॉर्म भरने और वापिस लेने की प्रक्रिया के बीच उनसे खुद मिलने अथवा बात करने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा में 2005 के बाद, बगावती सुर देखने को मिले हैं। गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी भी आश्चर्यचकित हैं। टिकट वितरण को लेकर पहली बार इतनी बड़ी नाराजी भाजपा में देखने को मिली है। बागियों को साम दाम दंड भेद समझाने की कोशिश हो रही है।

**ईडी और आयकर के छापे?**

गुजरात में इन दिनों ईडी और आयकर के छापों की बड़ी गूंज हो रही है। बागियों का यह मानना है कि यदि उन्होंने नाम वापस नहीं लिए, तो उनके यहां पर भी ईडी और आयकर के छापे पड़ सकते हैं। राजनीतिक भविष्य को देखते हुए, अब बागी भी आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में बने हुए हैं। जिसके कारण भाजपा नेतृत्व को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात के भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटील और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया भी बागियों को रोक नहीं पा रहे थे।

**चुनाव बहिष्कार की धमकी**

गुजरात विधानसभा के चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता काफी आक्रोश में दिख रहे हैं। नवसारी शहर लगभग एक दर्जन विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने चुनाव के बहिष्कार करने की धमकी देते हुए, अपनी बरसों पुरानी मांगों को पूरा ना होने पर खुलेआम नाराजगी व्यक्त की जा रही है। महंगाई बेरोजगारी का बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। स्कूलों को बंद किए जाने का भी मुद्दा अब आम आदमी की जबान पर है।

**गढ़वी खंभालिया से लड़ेंगे चुनाव**

आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढवी को लेकर चल रहा असमंजस खत्म हो गया है। इसुदान गढ़वी देवभूमि द्वारका जिले की खंभालिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह घोषणा की है। आम आदमी पार्टी गुजरात में अभी तक 182 में से 175 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।




स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# करेली में रद्दी कागज के गोदाम में लगी भीषण आग, 5 हजार बंडल जलकर खाक

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



पलसाना तालुका के करेली गांव में तुलसी पेपर मिल के 6 बीघा कागज के कचरे के गोदाम में आग लग गई। सोमवार की रात करीब 8 बजे पेपर मिल के पीछे पश्चिम के गोदाम के पीछे भीषण आग लग गई। पलसाना, बारडोली और सूरत से 10 से अधिक दमकल कर्मी कार्यरत थे।

६ बीघे के परिसर में रखे कागज कचरे में आग फैलते ही मिल में भगदड़ मच गई। आग की लपटें 3 किमी दूर से देखी जा सकती थीं। मिल में मौजूद फायर सेफ्टी और फायर ब्रिगेड की टीम 100 मनस से अधिक आग बुझाने के प्रयास में जुटी हुई है।

मिल की लोडर मशीन द्वारा पेपर वास्टर के गट्ठरों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है जिससे आग को फैलने से रोका जा सके। अनुमान है कि इस आग में कागज के कचरे के 5000 से अधिक बंडल नष्ट हो गए।

मिल में लगी भीषण आग से न सिर्फ फायर सेफ्टी के इंतजाम थे, बल्कि आसपास के गांव के करीब 1000 से ज्यादा लोगों की भीड़ मिल में पहुंच गई. मिल आग से सुरक्षित है, लेकिन जहां रद्दी कागज के 5000 से अधिक बंडल रखे गए थे। अग्नि सुरक्षा के अभाव में आग विकराल रूप ले चुकी थी।

कागज के कचरे के स्टॉक के बीच चलना मुश्किल हो गया और बंडलों के बीच जगह की कमी के कारण कचरे के गोदाम में आग लग गई, जिससे आग की लपटों के बीच जाकर आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

# टिकट बंटरवारे को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com




गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी गहमागमी तेज हो गई है। भाजपा, कांग्रेस और आप ने ज्यादातर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। हांलाकि कई सीटों पर पेंच फंसा हुआ है, जिसे लेकर तीनों पार्टियां मंथन कर रही है। दूसरी ओर उम्मीदावारों की घोषणा के बाद कई सीटों पर नाराजगी की भी खबरें मिल रही है। अहमदाबाद स्थित गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जबर्दस्त विरोध कया। युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में जमा हुए और भरतसिंह सोलंकी का जबर्दस्त विरोध किया। गुजरात कांग्रेस के पूर्व प्रमुख भरतसिंह सोलंकी पार्टी मुख्यालय में लगी नाम की तख्ती भी कार्यकर्ताओं ने तोड़ दी और उनके पोस्टरों को भी फूंक दिया। नाराज कार्यकर्ता इतने पर नहीं रुके उन्होंने भरतसिंह सोलंकी के खिलाफ अभद्र लाइनें भी लिख दीं।

कांग्रेस ने अहमदाबाद के जमालपुर-खाडिया सीट से सीटिंग विधायक इमरान खेडावाला रिपीट किया है, जिसे लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता नाराज हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रुपए लेकर टिकट बेचे जा रहे हैं इस मामले में सबसे अधिक भरतसिंह सोलंकी का किया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि अच्छे उम्मीदवारों को टिकट देने के बजाए उन लोगों को टिकट दिए हैं, जिन्होंने कांग्रेस नेताओं की जेबें भरी हैं। भरतसिंह सोलंकी ने इमरान खेडावाला से रुपए लेकर उन्हें जमालपुर-खाडिया से टिकट दी है। दूसरी ओर अहमदाबाद की वटवा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार बलवंतसिंह गढ़वी का भी विरोध किया जा रहा है। बलवंतसिंह आयाती उम्मीदवार होने की वजह से मनहर पटेल की तरह वटवा में मेंडेट बदलने की कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं।

# मतदान के लिए वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 दस्तावेज होंगे मान्य

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गांधीनगर,गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता निर्वाचन आयोग की ओर से जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य दस्तावेज भी मान्य होंगे।

मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर लोग इनमें से किसी एक माध्यम से मतदान कर सकते हैं। गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार के उपक्रमों, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डीआईडी कार्ड का प्रयोग किया जा सकेगा।

इसके अलावा अनिवासी भारतीय मतदाता के तौर पर पंजीकृत हैं तो उन्हें मतदान केन्द्र पर केवल असली पासपोर्ट दिखाकर अपनी पहचान प्रस्थापित करनी होगी।

# झगडिया सीट पर पिता-पुत्र के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला,तीनों ने दाखिल किया नामांकन

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भरूच,राजनीति ऐसा क्षेत्र जहां कोई रिश्ते-नाते माइने नहीं रखते। सत्ता के लिए भाई, भाई के तो बेटा, बाप के खिलाफ चुनाव मैदान में कूद जाता है। ऐसा ही एक मुकाबला भरूच जिले की झगडिया विधानसभा सीट पर होना लगभग तय है। भारतीय ट्रायबल पार्टी (बीटीपी) का गठन करने वाले छोटूभाई वसावा का टिकट काटकर उनके बेटे महेश वसावा ने स्वयं को झगडिया से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जबकि छोटू वसावा इसी सीट से चुनाव लड़ते आए हैं। अपना टिकट कटने पर छोटू वसावा ने रविवार को ही ट्वीट कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। गुजरात विधानसभा के 1 दिसंबर को होनेवाले पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन था और छोटू वसावा ने झगडिया सीट से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना पर्चा दाखिल कर दिया। जबकि उनके बेटे महेश ने बतौर बीटीपी उम्मीदवार झगडिया सीट से अपना नामांकन भरा। छोटू वसावा के दूसरे पुत्र ने दिलीप वसावा ने अपने पिता की बीटीपी में अवगणना देख पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। दिलीप वसावा बीटीपी और बीटीटीएस गुजरात के महासचिव थे। झगडिया सीट पर पिता-पुत्र के मैदान में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। लोगों में चर्चा है कि पिता-पुत्र की लड़ाई में कहीं भाजपा को फायदा ना हो जाए।

# पीएम मोदी के भाई ने कहा - गुजरात में भाजपा और कांग्रेस को छोड़ अन्य कोई नहीं चलेगा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि गुजरात में भाजपा और कांग्रेस अन्य कोई राजनीतिक दल कामियाब नहीं होगा। माना जा रहा है कि प्रहलाद मोदी ने आप को लेकर यह बयान दिया है। उन्होंने गुजरात में तीसरे विकल्प का कभी खाता तक नहीं खोला और अब तो राज्य में एक मात्र विकल्प है भाजपा। गुजरात में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं बचा है और भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस और भाजपा ने ही शासन किया है। यहां कभी भी तीसरे विकल्प को जनता ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को अपना पसंदीदा प्रधानमंत्री दिया है और यही कारण है कि जनता बार बार कहती है आगामी वर्ष 2024 में भी देश में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रहलाद मोदी ने यह बयान सराई चंदेल गांव में दिया, जहां वे निजी कार्य से गए थे। सराई चंदेल गांव में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रहलाद मोदी का शानदार स्वागत किया। अपने मित्र और भाजपा नेता सुमित सिंह से मिलने प्रहलाद मोदी ने उनके घर गए थे। जहां उन्होंने कहा कि मैंने काफी समय पहले सुमित सिंह को उनके घर आने का वादा किया था, जो आज पूरा किया है।

